इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव






## पीएम मोदी ने 51,000 युवाओं को बांटे सरकारी नौकरी के जॉइनिंग लेटर; बोले- 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने में आपकी भूमिका सबसे अहम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 19वें रोजगार मेले में 51,000 से अधिक नव-नियुक्त युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नियुक्ति पत्र बांटें। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हर भारतीय एक बड़े संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। ये संकल्प, 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का है।



पीएम मोदी ने कहा, आज देशभर के हजारों युवाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। आज 51,000 से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र मिला है। आज आप सभी देश की विकास यात्रा में अहम भागीदार बन रहे हैं, जिम्मेवार भागीदार बन रहे हैं। रेलवे, बैंकिंग, डिफेंस, हेल्थ, एजुकेशन और दूसरे कई क्षेत्रों में आप सभी नई जिम्मेदारियां संभालने जा रहे हैं। आने वाले वर्षों में विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में आप सभी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं। इस उपलब्धि के लिए मैं आपको भी और आपके परिवारजनों को भी बहुत बहुत बधाई देता हूं।

### रोजगार के लाखों नए अवसर

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हर भारतीय एक बड़े संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। ये संकल्प, 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आज देश अलग-अलग सेक्टरों में निवेश कर रहा है, और इस निवेश से देश के युवाओं के लिए रोजगार के लाखों नए अवसर बन रहे हैं।

### हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है भारत का युवा

उन्होंने कहा कि आज भारत का युवा दुनिया के हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है। यही स्पिरिट, यही ऊर्जा... पब्लिक सर्विस में भी दिखाई देनी चाहिए। विकसित भारत ऐसे ही युवाओं के प्रयास से बनेगा। जो अपने काम को देशसेवा और जनसेवा का माध्यम मानते हैं।

### किसानों, छोटे व्यापारियों, विद्यार्थियों के लिए नए रास्ते खुले

पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज एक बड़ा इलेक्ट्रानिक मैन्यूफैक्चरर है। आज गांवों में भी बदलाव तेजी से दिखाई दे रहा है। कनेक्टिविटि बढ़ने से किसानों, छोटे व्यापारियों, विद्यार्थियों के लिए नए रास्ते खुले हैं। ये परिवर्तन अब देश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस बदलाव में हमारी नारी शक्ति की भूमिका भी लगातार बढ़ रही है। आज बड़ी संख्या में महिलाओं के स्टाटअप्स हैं। मुद्रा योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को आर्थिक सहायता मिली है।

### अलग-अलग देशों के साथ पार्टनरशिप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत भी दुनिया के अलग अलग देशों के साथ पार्टनरशिप कर रहा है। इसका उद्देश्य यही है कि भारत के युवाओं को अवसर मिले, रोजगार मिले, उनका सामर्थ्य खिल उठे। साथ ही साथ मैं चाहता हूं कि देश के नौजवानों को ग्लोबल एक्सपोजर भी मिले।

उन्होंने कहा कि आज क्लिन एनर्जी, क्रिटिकल मिनरल्स, ग्रीन हाईड्रोजन और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## NIA का खुलासा: एक ही एम-4 कार्बाइन से हुए थे पहलगाम और गगनगीर हमले, बैलिस्टिक जांच में सामने आया राज

नई दिल्ली। ऑपरेशन महादेव के तहत पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। इसने न केवल पहलगाम हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाया, बल्कि 20 अक्टूबर 2024 को हुए गगनगीर आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वालों को भी न्याय दिलाया। पहलगाम हमले की जांच के दौरान राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) गगनगीर हमले से इसका संबंध स्थापित करने में सफल रही, जिसमें सात लोगों की जान चली गई थी।



जांच में पता चला चौंकाने वाला कनेक्शन

बैलिस्टिक जांच से पता चला कि गगनगीर और पहलगाम से बरामद कारतूस एक ही एम-4 कार्बाइन से चलाए गए थे। यह हथियार उन सुरक्षा बलों ने बरामद किया था जिन्होंने %ऑपरेशन महादेव% को अंजाम दिया था। 20 अक्टूबर 2024 को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के गगनगीर में रणनीतिक जेड-मोड़ सुरंग के पास एपीसीओ इंफ्राटेक के मजदूरों के कैंप पर हमला किया। आतंकवादियों ने डाइनिंग मेस के अंदर गोलीबारी की, जिसमें एक डॉक्टर सहित सात लोग मारे गए।

दोनों हमलों को एक ही मॉड्यूल ने दिया था अंजाम

जांच से पता चला कि दोनों हमलों को एक ही मॉड्यूल ने अंजाम दिया था। एनआईए को जांच के दौरान पता चला कि दोनों हमलों की योजना बनाने और उन्हें निर्देशित करने वाले लोग (हैंडलर) एक ही समूह के थे। लश्कर-ए-तैयबा के छद्म संगठन 'द रजिस्टेंस फ्रंट' ने पहले पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली, लेकिन बाद में इससे इनकार करने का फैसला किया। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि संगठन को भारत की ओर से कड़ी जवाबी कार्रवाई का डर था। दावा वापस लेने के बावजूद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी ढांचे को पूरी तरह से तबाह कर दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान की सीधी संलिप्तता पहले ही साबित हो चुकी थी और इस बार दी गई सजा भी काफी कड़ी थी। एनआईए को यह भी पता चला कि गगनगीर हमले के आरोपी फैसल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राजौरी में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, जंगल में घिरे 2-3 आतंकवादी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले से इस वक्त की एक बड़ी सुरक्षा अपडेट सामने आ रही है। राजौरी के दोरीमाल जंगलों में शनिवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच एक भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई है।



सैन्य सूत्रों के मुताबिक, मुठभेड़ स्थल पर कम से कम 2 से 3 आतंकवादियों के घिरे होने की आशंका है। सुरक्षा बलों ने पूरे जंगली इलाके की घेराबंदी कर दी है और अन्य छिपे हुए आतंकियों की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

सुरक्षा एजेंसियों को दोरीमाल के घने जंगलों में आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधियों और मूवमेंट की खुफिया जानकारी मिली थी। इस इनपुट के आधार पर सुरक्षा बलों ने इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बल जब जंगलों में आगे बढ़ रहे थे, तभी खुद को घिरा देख वहां पहले से घात लगाए बैठे आतंकवादियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी तुरंत मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद यह सर्च ऑपरेशन मुठभेड़ में बदल गया।

### किश्तवाड़ से पहले ही साफ हो चुका है आतंक का नेटवर्क

आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर में आतंक के खिलाफ सुरक्षा बलों को लगातार बड़ी सफलताएं मिल रही हैं। इसी साल फरवरी

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में फिर लगी आग, कांग्रेस का पीएम मोदी पर तंज- कब तक पूंजीपतियों का फायदा कराते रहोगे?

नई दिल्ली। भारत में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, शनिवार को पेट्रोल की कीमत में 87 पैसे प्रति लीटर और डीजल की कीमत में 91 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। ये पिछले 10 दिनों में तीसरी बार है, जब ईंधन की कीमतें बढ़ाई गई हैं, वहीं, सीएनजी भी आज 1 रुपए महंगी हो गई है।



मिडिल-ईस्ट तनाव के बीच भारत में आम जनता की जेब पर महंगाई का बोझ बढ़ता ही जा रहा है. शनिवार को एक बार फिर पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है. पेट्रोल की कीमत में 87 पैसे प्रति लीटर, डीजल की कीमत में 91 पैसे प्रति लीटर और ष्ठहृत्र की कीमत में एक रुपए प्रति किलो का इजाफा किया गया है.

पिछले 10 दिनों में ये तीसरी बार है जब पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं. इससे पहले 15 मई को पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमत 3-3 रुपए बढ़ाई गई थी. फिर 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे महंगा हुआ था. इस तरह पिछले 10 दिनों में पेट्रोल-डीजल लगभग 5 रुपए महंगा हो गया है. वहीं, सीएनजी आज दूसरी बार महंगी हुई है. दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 87 पैसे बढ़कर 98.64 रुपये प्रति लीटर से 99.51 रुपये प्रति लीटर हो गई है. वहीं, डीजल की कीमत 91 पैसे बढ़कर 91.58 रुपये से 92.49 रुपये प्रति लीटर हो गई है. इसके अलावा सीएनजी अब 81.09 रुपए प्रति किलो हो गई है.

### पेट्रोलियम मंत्रालय ने दिया था आश्वासन

हैरत की बात ये है कि हाल ही में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आम जनता को भरोसा दिलाया था कि देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है. मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर कहा, 'पूरे देश में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और सप्लाई पूरी तरह से स्थिर बनी हुई है. हम सभी नागरिकों को सलाह देते हैं कि वो किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और पैनिक बाइंग से बचें. नागरिक सिर्फ अपनी जरूरत के मुताबिक ही ईंधन खरीदें.'

मंत्रालय ने आगे कहा, 'कुछ चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर जो अस्थायी दबाव या भीड़ देखी जा रही है, उसे दूर किया जा रहा है. ऑयल मार्केटिंग कंपनियां लगातार सप्लाई की निगरानी कर रही हैं और आपसी तालमेल के साथ तेल का वितरण सुनिश्चित कर रही हैं. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बांग्लादेश में बकरीद पर दुर्लभ भैंसे की दी जाएगी कुर्बानी, लाखों रुपये में हुआ नीलाम

नई दिल्ली। इंटरनेट पर सुर्खियां बटोरने वाली 'डोनल्ड ट्रंप' भैंसे की बांग्लादेश में बकरीद पर कुर्बानी दी जाएगी। इसे कुर्बानी के लिए बेच दिया गया है। रबेया एग्रो फार्म के मालिक जिया उद्दीन मैरदा ने बताया कि इसे वजन के आधार पर 550 टका प्रति किलो के हिसाब से बेचा गया। इसका वजन लगभग 700 किलो है। खरीदार मोहम्मद शोरोन ने कुर्बानी के लिए भैंसा खरीदा है।



ढाका के नारायणगंज स्थित रबेया एग्रो फार्म, फार्म के मालिक जिया उद्दीन मैरदा के अनुसार भैंसा चार साल का है। यह एल्बिनो किस्म का है, जिसमें विशिष्ट गुलाबी रंग और सिर पर बालों का अनूठा गुच्छा है। उसने इसे 10 महीने पहले राजशाही सिटी हाट से खरीदा था। इसके बालों के स्टाइल की वजह से छोटे भाई ने इसे यह नाम दिया था। फिर यह इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया और कई लोग इसे देखने आए। लोग इसके साथ सेल्फी ले रहे हैं।

### तेहरान ने भैंसे को लेकर कसा तंज

उधर एक वाशिंगटन और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच तेहरान ने वायरल वीडियो पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप पर तंज कसा। ईरान ने दावा किया कि अमेरिकी राजनेता से तुलना किए जाने के बाद से भैंसे ने खाना-पीना छोड़ दिया है। रूस में ईरान के आधिकारिक हैंडल एक्स पर पोस्ट किया, 'बेचारा! बांग्लादेशी भैंस डोनल्ड ट्रंप से तुलना किए जाने से परेशान है।'

## अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मिले पीएम मोदी; डोनाल्ड ट्रंप ने दिया व्हाइट हाउस आने का न्योता

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के रणनीतिक रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में शनिवार को नई दिल्ली में एक बेहद महत्वपूर्ण और हाई-प्रोफाइल बैठक हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस मुलाकात के दौरान मार्को रुबियो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी को व्हाइट हाउस आने का आधिकारिक निमंत्रण सौंपा। बैठक का मुख्य फोकस दोनों देशों के बीच 'व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' को आगे बढ़ाना रहा।



इस महत्वपूर्ण बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री के साथ अमेरिकी दूत सर्जियो गोर भी मौजूद थे। बैठक के बाद सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बातचीत के मुख्य अंश साझा किए।

उन्होंने बताया कि इस मुलाकात में 'इंडो-पैसिफिक' यानी भारत-प्रशांत क्षेत्र पर विशेष रूप से चर्चा हुई, जहाँ चीन लगातार अपना दबदबा और प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। आपको बता दें कि अमेरिका लंबे समय से चीन को घेरने और क्षेत्र में संतुलन बनाए रखने के लिए भारत को अपना सबसे मजबूत रणनीतिक साझेदार मानता है।

### 'अमेरिका के लिए बेहद अहम है भारत'- सर्जियो

अमेरिकी दूत सर्जियो गोर ने दोनों देशों के मजबूत होते रिश्तों की सराहना करते हुए कहा कि भारत के साथ सहयोग बढ़ाना अमेरिका के लिए बहुत जरूरी है। सर्जियो गोर ने कहा, 'सुरक्षा, व्यापार और क्रिटिकल टेक्नोलॉजी (अत्याधुनिक तकनीक) के क्षेत्र में अमेरिका-भारत सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर हमारी बेहद सार्थक बातचीत हुई। ये ऐसे क्षेत्र हैं जो हमारे दोनों देशों को मजबूत करते हैं और एक स्वतंत्र व खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को बढ़ावा देते हैं। भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका का एक अत्यंत महत्वपूर्ण भागीदार है।

### पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ हुई इस सफल मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी तस्वीरें और जानकारी साझा की।

पीएम मोदी ने कहा, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हुई। हमने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में लगातार हो रही प्रगति और क्षेत्रीय व वैश्विक शांति और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका वैश्विक भलाई के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

### वैश्विक तनाव के बीच मुलाकात की टाइमिंग बेहद अहम

इस हाई-लेवल बैठक का समय अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दरअसल, यह मुलाकात ऐसे वक्त में हुई है जब वैश्विक गलियारों में यह खबरें तेज हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर दोबारा हवाई हमले करने पर विचार कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान के साथ चल रही शांति वार्ता के पूरी तरह विफल होने और कोई नतीजा न निकलने के बाद अमेरिका यह कड़ा कदम उठा सकता है। ऐसे गंभीर वैश्विक तनाव के बीच भारत और अमेरिका की यह रणनीतिक बैठक पूरी दुनिया का ध्यान खींच रही है।

## गढ़चिरौली के जंगल में छिपी माओवादियों की हथियार फैक्ट्री तबाह

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सीमा से लगे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस ने माओवादियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जंगल में छिपाकर रखी गई हथियार निर्माण सामग्री और अन्य सामान बरामद कर नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई सरेंडर कर चुके माओवादियों से मिली गोपनीय सूचना के आधार पर की गई।



गढ़चिरौली पुलिस के अनुसार माओवादी जंगल क्षेत्रों में सुरक्षा बलों पर हमले के लिए हथियार, विस्फोटक सामग्री और उपकरण छिपाकर रखते थे। इनका उपयोग नक्सली सप्ताह, चुनाव और अन्य अभियानों के दौरान हमलों में किया जाता था।

पुलिस को 16 मई को ऑपरेशन फाइनल स्ट्राइक के तहत सरेंडर करने वाले माओवादियों से पूछताछ के दौरान सूचना मिली थी कि पोमकेन-बिनागुंडा सीमा के जंगल में हथियार और तकनीकी सामग्री छिपाकर रखी गई है। सूचना के बाद 21 मई को गढ़चिरौली पुलिस अधीक्षक एम. रमेश के मार्गदर्शन में विशेष अभियान दल और प्राणहिता यूनिट की छह संयुक्त टीमों के साथ बीडीडीएस की दो टीमों को सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया।

### जंगल में मिला हथियार बनाने का सामान

22 मई को तलाशी के दौरान पोमकेन-बिनागुंडा के उत्तर दिशा के जंगल क्षेत्र में माओवादियों का छिपाया गया सामान बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से खराद मशीन, बीजीएल पाइप, 12 बोर पाइप, इन्वर्टर, जनरेटर, बैटरी, ड्रिलिंग मशीन, आरा मशीन, प्रेशर पंप, सोलर पैनल और 20 फीट लंबा फुटबॉल पाइप सहित बड़ी मात्रा में सामग्री जब्त की। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर सुरक्षा बलों ने बरामद सभी सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया।

## त्विषा शर्मा डेथ केस पर देश की सबसे बड़ी अदालत ने लिया स्वत: संज्ञान, सीजेआई की बेंच करेगी सुनवाई

नई दिल्ली। त्विषा शर्मा मौत मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वत- संज्ञान लेते हुए मामला अपने हाथ में ले लिया है। त्विषा के परिवार वालों ने उनकी मौत के लिए उनके पति और भोपाल में रहने वाले ससुराल वालों को जिम्मेदार ठहराया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को खुद ही संज्ञान में लिया और 25 मई को सुनवाई के लिए लिस्ट किया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के अलावा, इस बेंच में जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली भी शामिल होंगे। इस मामले को 'एक युवती की ससुराल में हुई अप्राकृतिक मौत के मामले में कथित संस्थागत पूर्वाग्रह और प्रक्रियागत विसंगतियां' शीर्षक के तहत लिस्ट किया गया है।



### पुलिस हिरासत में समर्थ सिंह

त्विषा का पति समर्थ सिंह, जो एक वकील हैं और सास गिरिबाला सिंह, जो पूर्व जिला न्यायाधीश हैं, पर दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा है। लिहाजा, मामला हाई प्रोफाइल हो गया है। समर्थ ने शुक्रवार को हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत अर्जी वापस लेने के बाद आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद उसे सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

### पुलिस ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की

पुलिस ने गिरिबाला सिंह को दी गई अग्रिम जमानत निरस्त करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। दरअसल, नोएडा निवासी 33 वर्षीय त्विषा शर्मा, जो पूर्व मिस पुणे विजेता थीं, 12 मई को भोपाल के कटारा हिल्स स्थित अपने पति के आवास पर मृत पाई गईं। समर्थ से उसकी मुलाकात करीब पांच महीने पहले एक डेटिंग ऐप के जरिए हुई थी।

### त्विषा के परिवार ने ससुराल वालों पर घरेलू हिंसा आरोप

त्विषा के परिवार ने ससुराल वालों पर लगातार घरेलू हिंसा और उत्पीड़न का आरोप लगाया था और इसलिए उसकी मौत के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट की मांग की थी। हाई कोर्ट ने दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट की याचिका को स्वीकार कर लिया है। हाईकोर्ट ने सोमवार को गिरिबाला सिंह की जमानत निरस्त करने को लेकर सुनवाई की व्यवस्था दी है। लेकिन अब मामला शीर्ष अदालत पहुंचने से हाई कोर्ट की सुनवाई आगे बढ़ सकती है।

त्विषा शर्मा के परिवार ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीबीएसई पोर्टल का अजीब कारनामा: री-इवैल्यूएशन के लिए मांगे 69,000 रुपये; अब 24 मई तक आवेदन का मौका

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी ष्क्वस्श्व के री-इवैल्यूएशन और आंसरशीट प्रक्रिया को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। बोर्ड के पोर्टल पर तकनीकी गड़बड़ियों के कारण छात्रों और अभिभावकों को अलग-अलग और चौंकाने वाली फीस दिखाई देने लगी। किसी छात्र को री-इवैल्यूएशन के लिए सिर्फ एक रुपये का शुल्क दिखा, तो किसी से एक विषय की उत्तरपुस्तिका के लिए 69 हजार रुपये से अधिक मांगे गए।



सोशल मीडिया पर वायरल स्क्रीनशॉट्स में कई छात्रों ने दावा किया कि उत्तरपुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी लेने के लिए फीस अचानक बदल रही थी। कुछ मामलों में यह राशि 69.7 दिखाई दी, जबकि कुछ छात्रों के लिए 8 हजार प्रति विषय और कुछ के लिए रु. 69,420 तक का शुल्क दिखाया गया।

एक वायरल स्क्रीनशॉट में फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स और इंग्लिश कोर विषयों के लिए रु. 69,420 प्रति विषय शुल्क दिखने का दावा किया गया। इससे कुल राशि लाखों रुपये तक पहुंच गई। वहीं कुछ छात्रों ने दो विषयों के लिए ?16 हजार और तीन विषयों के लिए रु. 24 हजार शुल्क दिखने की शिकायत की।

### लगातार बढ़ रही थीं शिकायतें

बताया जा रहा है कि 19 मई को स्कैन की गई उत्तरपुस्तिकाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होने के बाद से ही पोर्टल पर समस्याएं सामने आने लगी थीं। छात्रों ने वेबसाइट क्रैश होने, लॉगिन न होने, भुगतान फेल होने और आवेदन बीच में अटकने जैसी शिकायतें कीं। कई छात्रों का कहना है कि आवेदन पूरा करने के लिए उन्हें देर रात तक बार-बार वेबसाइट रिफ्रेश करनी पड़ी। सोशल मीडिया पर अभिभावकों और छात्रों ने स्क्रीनशॉट साझा कर नाराजगी जाहिर की।

### सीबीएसई ने बढ़ाई आवेदन की समय सीमा

विवाद बढ़ने के बाद सीबीएसई ने शुक्रवार को नया नोटिस जारी कर प्रक्रिया की समय सीमा बढ़ा दी। बोर्ड ने कहा कि कक्षा 12 की उत्तरपुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि अब 24 मई तक कर दी गई है। साथ ही छात्रों को स्कैन कॉपी मिलने के बाद सत्यापन और री-इवैल्यूएशन के लिए दो दिन अतिरिक्त दिए जाएंगे।

सीबीएसई ने अपने बयान में कहा कि पिछले कुछ दिनों से वेबसाइट पर अत्यधिक ट्रैफिक आ रहा है और अनधिकृत हस्तक्षेप की कोशिशों के कारण पोर्टल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### गाजे के 6 नग पौधे जड़ सहित बरामद, गांजा की खेती करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव (दावा)।** लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के आरोपी के घर की बाड़ी से 06 नग गांजा के पौधे जड़ सहित बरामद किया है। जप्त गांजा के पौधों की अनुमानित कीमत लगभग 12 हजार रुपए बताई जाती है। पुलिस ने आरोपी को गिरफतार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। आरोपी का नाम तुलेश्वर साहू पिता सुंदर लाल साहू उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मोहभट्ठा (चमारराय टोलागांव) बताया जाता है।

लालबाग थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थ व शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना लालबाग पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाने में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मोहभट्ठा (चमारराय टोलागांव) निवासी तुलेश्वर साहू अपने घर की बाड़ी में अवैध रूप से गांजा के पौधों की खेती कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई।

#### घर की बाड़ी से अवैध गांजा किया जब्त

कार्यवाही के दौरान आरोपी तुलेश्वर साहू पिता सुंदर लाल साहू उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मोहभटटा (चमारराय टोलागांव) के कब्जे के घर बाड़ी से 06 नग गांजा के पौधे जड़ सहित बरामद किये गये। जप्त गांजा पौधों की अनुमानित कीमत लगभग ?12,000/- है।


उक्त कृत्य एनडीपीएस एक्ट का अपराध पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 218/2026 धारा 20(क)(ब्द) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया और आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक श्री पटेल सहित उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव, आरक्षक कमलेश सहारे, राकेश धुर्वे, बर्मा प्रसाद एवं तामेश्वर वर्मा व अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### कंपोजिट रीजनल सेंटर में 38 एनसीसी कैडेटों ने किया रक्तदान



**राजनांदगांव (दावा)।** रक्तदान एक महान एवं मानव सेवा का कार्य है जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर सहायता प्राप्त होती है। यह रक्तदान शिविर 21 मई को आयोजित किया गया था जिसमें सहभागिता हेतु 38 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी राजनांदगांव द्वारा एनसीसी शिविर से सूबेदार मेजर सतवर्ग सिंह सेना मेडल, सूबेदार जसविंदर सिंह, सूबेदार अनिल शर्मा, हवलदार सुरेंद्र सिंह, के हवलदार के नरेंद्र (आर्मी स्टाफ) श्रीमती वर्षा कुमारी, कुमारी अंजलि यादव एनसीसी केयर टेकर, उमेश कुमार साहू, श्रीमती रीना सोनी सिविल स्टाफ और 25 एनसीसी कैडेट्स पंकज कुमार, युवराज अदिति, दिव्या, दीप्ति, नीलम और उनके साथी कैडेट ने रक्तदान किए। संस्कारसिटी स्कूल ठाकुरटोला एन.सी.सी. शिविर में कैडेटों को मार्गदर्शन हेतु शिक्षा विभाग से एपीसी मनोज मरकाम ने कैडेटों को सम्बोधित किया। सभी कैडेट 38 छ.ग. बटालियन राजनांदगाव एनसीसी के थे।

### राजिंदर कौर भाटिया का निधन



**राजनांदगांव (दावा)।** श्रीमती राजिंदर कौर भाटिया पत्नी स्व÷ीय गुरदीप सिंह भाटिया निवासी सिंधी कॉलोनी गली नं. 6 लालबा÷ का अकाल चलाना हो गया है। उनके निधन से भाटिया परिवार सहित समस्त परिचितों एवं समाजजनों में गहरा दुःख व्याप्त है। वे अत्यंत सरल, धार्मिक एवं मिलनसार व्यक्तित्व की धनी थीं। उनके स्नेह और आशीर्वाद को सदैव याद किया जाएगा। दिवगत आत्मा की अंतिम यात्रा रविवार, 24 मई प्रातः 9 बजे निवास स्थान सिंधी कॉलोनी लालबाग गली नं. 6 से मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे अपने पीछे मनमीत सिंह भाटिया (मोंटी) पुत्र, टिंगू सिंह भाटिया पुत्र सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है।









# स्वेच्छानुदान की सहायता राशि का दुरुपयोग, वसूली की उच्चस्तरीय जांच हो - जितेंद्र मुदलियार

## शहर जिला कांग्रेस ने आईजी को सौंपा ज्ञापन, पुलिस की कार्रवाई, कानून व्यवस्था पर भी उठाए सवाल



कांग्रेस का आरोप -श्रेय लूटने शासकीय शराब दुकान के परिसर के भीतर अवैध मामले बना रही पुलिस

**राजनांदगांव (दावा)।** शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में शनिवार को कांग्रेसजनों ने पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव से मुलाकात कर जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था, अवैध शराब कारोबार, कथित स्वेच्छानुदान वसूली ऑडियो और शराब दुकान परिसर में नागरिकों पर पुलिस कार्रवाई के वायरल वीडियो की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि हाल ही में वायरल हुए कथित ऑडियो में शासन की स्वेच्छानुदान राशि हितग्राहियों से वसूले जाने जैसी गंभीर बातें सामने आई हैं। यह मामला आर्थिक अपराध और सरकारी सहायता राशि के दुरुपयोग से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। कांग्रेस ने ऑडियो की सूक्ष्म जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ऑडियो में पूर्व सांसद का नाम सामने आना मामले को और गंभीर बनाता है।

कांग्रेस ने आबकारी विभाग की शराब दुकानों के बाहर पुलिस कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। ज्ञापन में कहा गया कि एक ओर सरकार शराब दुकान और चखना सेंटर संचालित कर रही है, वहीं दूसरी ओर तय सीमा में शराब खरीदने वाले नागरिकों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। आबकारी और पुलिस विभाग के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा आम नागरिक भुगत रहे हैं। कांग्रेस ने वायरल वीडियो की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और पुलिस को स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने डोंगरगढ़ क्षेत्र में दूसरे राज्यों की शराब की अवैध बाटलिंग और तस्करी के लगातार सामने आ रहे मामलों पर भी चिंता जताई। कांग्रेस ने कहा कि जिले की सीमाओं से अवैध शराब का कारोबार खुलेआम संचालित हो रहा है और मिलावटी शराब किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। यह कारोबार आर्थिक अपराध के साथ-साथ आपराधिक घटनाओं को भी बढ़ावा दे रहा है।

जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि जिले में चोरी, लूट और अन्य आपराधिक घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम नागरिकों और व्यापारियों में भय का वातावरण है। कांग्रेस ने मांग की कि पूरे जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत किया जाए, रात में पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए और प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें।

इस दौरान श्रीकिशन खंडेलवाल, मेहुल मारु, रुपेश दुबे, राकेश जोशी, सूर्यकांत जैन, शरद खंडेलवाल, अशोक पंजवानी, वीरेंद्र चंद्राकर, ललित कुमरे, झम्मन देवांगन, अमर झा, इब्राहीम जोया, बाबा राठौर, संदीप सोनी, विशु आजमानी, शिवम गढ़पायले, ऋषि शास्त्री, नरेश साहू, जय जायसवाल, आशीष साहू, लोकू यादव, राकेश चंद्राकर, राहुल चौबे, गोलू महानंद, सोनू साहू, अभिनय, आफताब अहमद, नंदकुमार साहू, बंटी यादव, हिमालय बंधे, ताहिर जोया, निश?चय बुराडे, राहुल बंधे, राजेश रंगारी सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ की बेटी दीपिका पाटिल ने रचा इतिहास



डीआरएन ब्रेन एजुटेक से बच्चों के दिमाग को बना रही, सुपर पावर ब्रेन जिम या मिड ब्रेन एक्टीवेशन प्रोग्राम कहते है

**राजनांदगांव(दावा)।** डीआरएन ब्रेन एजुकेट प्रायवेट लिमिटेड की प्रबंध निदेशक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्रीमती दीपिका पाटिल ने यह साबित कर दिया है कि, बेटियाँ केवल परिवार का गौरव नहीं, बल्कि समाज और देश का भविष्य भी होती हैं। छत्तीसगढ़ की बेटी दीपिका पाटिल आज शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लेकर आई हैं। उनके साथ इस मिशन में राजस्थान के जसवंत सिंह बतौर अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक एवं सह-संस्थापक मजबूती से जुड़े हुए हैं।

दीपिका पाटिल पिता विजय सेन, माता ग्वालिन सेन की पुत्री ने इस सफलता का श्रेय बिजनेस पार्टनर जसवंत सिंग को देती है, परिवार और पति निलेश पाटिल, पुत्र-पुत्री परी और प्रिंस तथा पूरे डीआरएन परिवार के निरंतर सहयोग और विश्वास को दिया है। उनका कहना है कि, परिवार के शत-प्रतिशत समर्थन से ही यह सपना आज हकीकत बन पाया है। 19 दिसम्बर 2025 को शुरू हुई नागपुर से 4 माह में 3 जगह में डीआरएन की फ्री डेमो क्लासेस प्रत्येक रविवार को चलती है। जो नागपुर, डोंगरगांव और अब 24 मई से हमारे राजनांदगांव में शुरू होने जा रहा है।

इस विशेष प्रशिक्षण के बाद बच्चों में कई सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलते हैं जो बच्चे पहले सवाल पूछने या मंच पर बोलने से घबराते थे। वे अब आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखते हैं। स्मरण शक्ति और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ने से बच्चे स्वयं पढ़ाई में रुचि लेने लगते हैं। संस्था के अनुसार प्रशिक्षण के बाद बच्चे आँखों पर पट्टी बांधकर रंग पहचानना, पढ़ना और लिखना जैसी गतिविधियाँ भी कर पाते हैं, जो लोगों को आश्चर्यचकित कर देती हैं। दीपिका पाटिल का मानना है कि, देश का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब बच्चे मानसिक रूप से मजबूत हों और अभिभावक आर्थिक रूप से सशक्त हों। इसी सोच के साथ डीआरएन ब्रेन एजुकेट प्रायवेट लिमिटेड समाजसेवा के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। संस्था द्वारा प्रत्येक रविवार निःशुल्क प्रदर्शन कक्षाओं का आयोजन भी किया जाता है, ताकि अभिभावक और बच्चे इस अनोखी शिक्षा प्रणाली को समझ सकें। राजनांदगांव में महाकाली मंदिर के पास पुराना बस स्टैंड में कार्यालय का शुभारंभ आज 24 मई रविवार को सुबह 11:15 बजे किया जायेगा। संस्था का संदेश आँखें बंद दिमाग चालू और किस्मत का ताला खुला कर डीआरएन ब्रेन एजुटेक आज बच्चों के उज्वल भविष्य और भारत के मानसिक विकास की दिशा में एक नई सोच और नई क्रांति का प्रतीक बनता जा रहा है।

## मोटर सायकल को पेट्रोल डालकर जलाने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



**राजनांदगांव (दावा)।** बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में आगजनी की घटना करने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसे गिरफ्तार कर जेल की सीखचों में भेज दिया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि बसंतपुर के देवार मुहल्ले में रहने वाले उक्त आरोपी अन्ना सिंह पिता धम्मन सिंह मरकाम उम्र 19 वर्ष ने प्रार्थी के घर के सामने खड़ी मोटर सायकल में पेट्रोल डालकर आग लगा दिया था। इस घटना में मोटर सायकल पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इससे लगभग 20 हजार रुपए की नुकसानी हुई है।

थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि उक्त घटना के संबंध में प्रार्थी द्वारा थाना उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया कि गत 21 मई 2की रात्रि करीब 10 बजे घर के सामने खड़ी मोटर सायकल बॉक्सर में मोहल्ले के ही अन्ना नामक युवक द्वारा पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। प्रार्थी ने बताया कि घटना के दौरान आवाज लगाने पर आरोपी मौके से भाग गया। तत्काल उसमें पानी डालकर आग पर काबू पाया गया, किन्तु मोटर सायकल पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 245/2026 धारा 326, 324 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी अन्ना सिंह मरकाम को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया। इस पर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## अवैध शराब परिवहन करते 2 आरोपी गिरफ्तार



85 पौवा देशी शोले व एक मोटर साइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**राजनांदगांव (दावा)।** सोमनी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन पर कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को धर दबोचा है और उसके पास से 85 पौवा देशी शोले शराब और एक मोटर सायकल जब्त की है। पुलिस ने दोनों आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। सोमनी थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि उक्त आरोपियों के अलावा शराब पीने के सुविधा उपलब्ध कराने वाले चखना दुकान वाले पर भी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी है ।

थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ग्राम सोमनी सांकरा मोड के पास आरोपी नितेश पाटिला पिता रामदास पाटिला उम्र 24 साल व राकेश टोण्डे पिता राजकुमार टोण्डे उम्र 25 साल दोनों निवासी ग्राम ककरेल से 85 पौवा देशी शोले शराब कुल 15.300 बल्क लीटर किमती 6800 रूपये एवं परिवहन मे प्रयुक्त एक काला नीले रंग का मोटर सायकल वाहन क्र. सीजी-07/बीआर 4953 पैसन प्रो किमती 45000 रूपये कुल कीमत 51800 रु. को जप्त कर गिरफ्तार करते हुए उन्हें न्यायालय पेश किया गया जहां से आदेशानुसार उन दोनों को जेल दाखिल कर दिया गया है।

#### शराब सेवन की सुविधा उपलब्ध कराने वाले भी धरे गए

थाना प्रभारी श्री नामदेव ने बताया कि इसी तारतम्य में ग्राम टेडेसरा संगम कॉलोनी में अपने दुकान में शराब सेवन करने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले रामसाय साहू पिता सियाराम साहू उम्र 40 साल निवासी संगम कॉलोनी वार्ड नं. 17 के पास ग्राम टेडेसरा थाना सोमनी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(सी) के तहत कार्यवाही किया गया है।

### सहायक कोषालय अधिकारी (वित्त) राकेश कुमार हेड़ाउ लायजन अधिकारी नियुक्त

**राजनांदगांव (दावा)।** नगरपालिकाओं के आम व उप निर्वाचन 2026 हेतु जिले के लिए नामनिर्दिष्ट व्यय प्रेक्षक संयुक्त संचालक (वित्त) संचालनालय कोष एवं लेखा प्रेमलाल साहरा के व्यवस्था एवं समन्वय के लिए सहायक कोषालय अधिकारी (वित्त) जिला कोषालय राजनांदगांव व प्रभारी उप कोषालय अधिकारी डोंगरगढ़ राकेश कुमार हेड़ाउ को लायजन अधिकारी नियुक्त किया गया है। व्यय प्रेक्षक प्रेमलाल साहरा का मोबाईल नंबर 7470363030 एवं लायजन अधिकारी राकेश कुमार हेड़ाउ का मोबाईल नंबर 7898961104 है।

## पुलिस ने 7 वर्षीय नाबालिक बच्चे को किया उसकी मां के हवाले

बच्चा सकुशल मिलने पर मां ने पुलिस के प्रति जताया गया आभार

**राजनांदगांव (दावा)।** कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में घुमाते हुए पाए गए नाबालिग बच्चे को उसकी मां को सौप कर नेक काम किया है। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि शनिवार 23 मई को एक नाबालिक 07 वर्षीय बच्चा जो लावारिस हालत में पोस्ट ऑफिस चौक के पास घुमते हुए पाया गया। बच्चे को बड़े प्रेम से थाने लाकर उससे पूछताछ किए जाने पर बच्चे ने अपना नाम रौनक गेड़ाम पिता माखन उम्र 07 साल रहने वाला भिलाई का बताया। वह बालक अपने घर का पता स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहा था, थाना स्टॉफ के साथ मोटर सायकल में बच्चे को लेकर आसपास के क्षेत्र में घुमाया गया।

#### भिलाई से अपने रिस्तेदार के यहां बच्चे के साथ आई थी मां

पुलिस ने बताया कि इस दौरान बच्चे की मां शारदा बाई गेड़ाम शनि मंदिर गली हमाल पारा में दिखने पर उसे सकुशल बच्चे को सुपूर्द किया गया। मां से पूछताछ करने पर अपने रिश्तेदार के घर अपने बच्चे के साथ सुबह राजनांदगांव आयी थी, जहां से बच्चा बिना बताये घर से बाहर चला गया था, जिसे ढूंढ रह थे। पीड़ित मां को थाना कोतवाली पुलिस के सजगता एवं उसका नाबालिक बच्चा सकुशल मिल जाने से कोतवाली पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

## गाली-गलौज करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव (दावा)।** सिटी कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रेल्वे स्टेशन क्षेत्र में स्टेशन समीप आने -जाने वाले लोगों के साथ गाली-गलौच व मारपीट करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस के हत्थे चढ़े इन आरोपियों में आदित्य मानकर पिता अतुल मानकर उम्र 19 साल निवासी विकास नगर लखोली, भूपेन्द्र यादव पिता मूलचंद यादव उम्र 19 साल निवासी जमात पारा गुरूद्वारा के सामने, मनप्रीत गुडैच पिता लखविंदर सिंह उम्र 32 साल निवासी पल्ला थाना मेहता जिला अमृतसर तथा अमृत सिंग पिता अवतार सिंग उम्र 32 साल निवासी सखीयाला थाना व्यास, जिला अमृतसर के नाम शामिल हैं।

#### लोगों के साथ गाली-गलौच व हुड़दंग कर रहे थे आरोपी

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि शनिवार 23 मई को उपरोक्त चारों लोगो को स्थानीय रेल्वे स्टेशन के सामने आने जाने वाले लोगों को गाली गलौच कर हुड़दंग मचाने की सूचना पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर उन्हें समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन उन लोगों द्वारा आक्रोशित होकर गाली गुप्तार कर मारने पीटने पर उतारू हो जाने से चारों को तत्काल धर दबोचा गया और धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर धारा 126, 135 (3) बीएनएसएस की कार्यवाही करते हुए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। थाना प्रभारी श्री शाह ने बताया कि आगे भी शांति व्यवस्था को भंग करने आसामाजिक तत्वों के खिलॉफ कार्यवाही जारी रहेगी।


**आवश्यकता है**

ड्राइवर और वर्कर की.
ओम पेयजल, राजनांदगांव में काम करने हेतु
कार्य स्थानः राजनांदगांव

जल्दी संपर्क करें...
8103758669, 7999161135


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

678-1 238-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## अवैध शराब परिवहन करने वाले आरोपी से सवा शेरा देशी शराब जब्त



शराब तस्करी मे प्रयुक्त एक्टिवा स्कुटी भी किया गया बरामद

**राजनांदगांव (दावा)।** चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन करने वाले आरोपी से 6 ,300 बल्क लीटर सवा शेरा देशी शराब जब्त की है, साथ ही आरोपी के पास से अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त होने वाले एक्टीवा स्कूटी की बरामदगी की है। चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया शनिवार 23 मई को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति नीले रंग के एक्टिवा स्कुटी मे अवैध रूप से बढ़ीं मात्रा में शराब ले जा रहा है।

#### नाकाबंदी कर आरोपी को धर दबोचा

इस पर तत्काल चौकी चिखली पुलिस टीम तैयार कर खैरागढ़ रोड समीप निर्माणाधीन श्लोका ग्रीन सीटी के सामने रोड के पास नाकाबंदी कर उक्त नीले रंग के एक्टिवा स्कुटी में सवार व्यक्ति को रोका गया और उसकी स्कूटी को चेक करने पर आरोपी युधिष्ठिर राजपूत पिता स्व. सुरेश राजपूत उम्र 24 साल निवासी चिखली रमन बाजार वार्ड नं. 10 ओपी चिखली द्वारा अपने एक्टिवा स्कुटी वाहन क्रमांक सीजी-08/एवाय 5536 के डिक्की में 35 पौवा सवा शेरा देशी शराब अवैध रूप से तस्करी करते हुए पाया गया। आरोपी के कब्जे से उक्त शराब 35 पौवा सवा शेरा देशी शराब कुल 6.300 बल्क लीटर कीमती 2800 रूपये एवं एक्टिवा स्कुटी क्रमांक सीजी-08/एवाय 5536 कीमत 20000 रूपये कुल जुमला कीमती 22800 रूपये जप्त कर वैधानिक कार्यवाही कर आरोपी के विरूद्ध धारा सदर 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया।

# अस्पताल से बाहर खड़ी गाड़ियों से भी पार्किंग वसूली, भड़के मरीज के परिजन

## गाड़ियों को धूप, गर्मी, बारिश से बचाव के लिए सुरक्षा शेड नही, गर्मी में वाष्प बनकर उड़ जा रहा पेट्रोल



**राजनांदगांव (दावा)।** शहर से लगभग 5 कि.मी. दूर पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज हास्पीटल में बाहर से आने वाले मरीजों के परिजनों की बाहर रखी गाड़ियों से बेजा वसूली का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। इस बेजा वसूली से त्रस्त लोगों ने शिकायत की है। लोगों का कहना है कि हम अपने बीमार परिजनों को अस्पताल से पांच-दस मिनट के लिए देखने आते हैं। इसलिए हम अपनी गाड़ियों को धूप से बचाव के लिए अस्पताल परिसर के बजाय बाहर हरी-भरी झाड़ियों के छांव के नीचे रख जाते हैं लेकिन पार्किंग ठेकेदार के कर्मचारी उससे भी किराया वसूल करते हैं।

इससे खासकर के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के परिजन परेशान हैं। ऐसे ही एक परिजन का कहना है कि, अस्पताल प्रबंधन व पार्किंग ठेकेदार द्वारा लोगों की गाड़ियां रखने के लिए शेड युक्त सुरक्षित स्टैंड नहीं बनाया है। तेज धूप व भीषण गर्मी के बीच दोपहिया, चार पहिया वाहनों के पेट्रोल उड़ जाते हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि पार्किंग ठेकेदार सायकल व दो पहिया वाहनों से 10 रुपए तथा चारपहिया वाहनों से 20 रुपए वसूल करता है। इसके लिए बकायदा रेट लिस्ट टांग रखी है। लेकिन गाड़ियों की पार्किंग सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है। इससे लोग अपनी गाड़ियां पेड़ों के छांह में रख देते हैं जिससे वह गर्म भी नहीं होती,और तेज धूप व गर्मी में पेट्रोल भी नहीं उड़ता और सुरक्षित रहता है।

### ठेकेदार के कर्मचारियों की बदसलूकी

मेडिकल कॉलेज हास्पीटल परिसर के बाहर अपनी गाड़ी रखने से ठेकेदार के कर्मचारी से किराया मांगने में हूज्जत करने से पीड़ित ग्रामीण राघो साहू ने बताया कि एक तो स्टैण्ड वाले वाहनों की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं किए हैं तो किस बात का किराया मांगते हैं। विरोध करने पर पार्किंग ठेकेदार के कर्मचारी बदसलूकी करते हैं। नियम मुताबिक हास्पीटल परिसर में खड़े वाहनों का ही पार्किंग शुल्क वसूल किया जाना चाहिए लेकिन पाकिग ठेकेदार के कर्मचारी हास्पीटल परिसर के बाहर तक वसूली कर रहे हैं। ऐसे ही एक पीड़ित व्यक्ति जगदेव सिंह ने बताया कि हास्पीटल परिसर में खुले में ही किराया स्टैंड बना दिया गया है। लेकिन वर्षा, तेज धूप से सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। इसलिए भीषण गर्मी के बीच खुले आसमान में तपने के लिए अपनी वाहनों को क्यों छोड़े। एक तो पैट्रोल वैसे ही महंगा है। तेज धूप और भीषण गर्मी मे खुले में रखे वाहनों से पेट्रोल वाष्प बन कर उड़ जाता है इससे लोगों की नुकसानी होती है। यदि पार्किंग ठेकेदार या अस्पताल प्रबंधन वाहनों रखने के लिए शेड की व्यवस्था कर सुरक्षा दे तो वाहन रखने का शुल्क देने में कोई आपत्ति नहीं होगी। वास्तव में ये पाकिंग किराया वसूली करने वाले अस्पताल में भर्ती मरीज को देखने, हाल- चाल पूछने वाले लोगों की मजबूरियों का फायदा उठाते हैं। लोगों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ देशकर व पीआरओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन वे उपलब्ध नहीं हो सके।

# साफ-सफाई के अलावा निर्माणाधीन एसटीपी का आयुक्त ने किया निरीक्षण


मोहारा एनीकट में जलस्तर की ली जानकारी

**राजनांदगांव (दावा)।** नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा आज सुबह नंदई मोहारा रोड में साफ-सफाई का जायजा लेकर निर्माणाधीन एसटीपी का निरीक्षण किया एवं मोहारा एनीकट देख जल भरान की स्थिति की जानकारी लिए। आयुक्त श्री विश्वकर्मा साफ सफाई निरीक्षण के दौरान मोहारा मेन रोड में साफ सफाई देख कहा कि, डिवाईडर के दोनों ओर समय समय पर सफाई कर कचरा उठावे तथा रोड के दोनों किनारे साफ सफाई रखे।

डिवाईडर में चल रहे पेन्टींग कार्य देख कहा कि डिवाईडर के दोनों ओर एक जैसे कलर करावे, जिससे एकरूपता दिखे। उन्होंने शहर के नाला का पानी किसानों के खेत में भरने की शिकायत पर स्थल में पहुँच समाधान के लिए संबंधितों से चर्चा की। निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में मोहारा पुलिया के पास निर्माणाधीन एसटीपी का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली। प्लींथ लेबल तक हुए निर्माण देख उन्होंने कहा कि शहर के गंदा पानी को उपचारित कर उपयोग में लाने 26 एमएलडी के सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है, जिसके निर्माण कार्य में प्रगति लावे, ताकि कार्य समय सीमा में पूर्ण करने का प्रयास किया जा सके।

आयुक्त द्वारा मोहारा एनीकट का निरीक्षण कर रॉ वॉटर उपलब्धता की जानकारी ली गई। उप अभियंता युवराज कोमरे ने बताया कि, वर्तमान स्थिति में एनीकट में लगभग 3 फीट पानी कम हो गया है, प्रतिदिन पानी की मात्रा कम न हो उसके लिये जल स्तर समान्य रखने मटिया मोती जलाशय तथा मोगरा बैराज से लगातार पानी लिया जा रहा है, जिससे एनीकट में पानी का पर्याप्त संग्रहण है। आयुक्त ने शहर के पेयजल आपूर्ति पर सत्त निगरानी रखते हुए पर्याप्त एवं शुद्ध जल प्रदाय किया जाना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये।

# नवतपा के पहले ही ज्वाजल्यमान हुआ सूरज, भीषण गर्मी से जन जीवन बेहाल

**राजनांदगांव (दावा)।** गर्मी के इस सीजन का चरमोत्कर्ष रुप नवतपा 25 मई से लगने जा रहा है लेकिन इसके एक दिन पूर्व ही मौसम विभाग ने भीषण ग्रीष्म लहर हीट वेव चलने की चेतावनी दे दी है। वैसे भी पिछले तीन -चार दिनों से सूर्य देवता भीषण रुप से तप रहा है। शनिवार को इसका ज्वाजल्यमान रुप देख कर लोग त्राहि-त्राहि कर उठें। लोग घर में रहकर भी पसीने से से तर-बतर नजर आए। पंखे कूलर भी गरम हवा फेंकने लगे। वैसे भी इन दिनों पड़ रहे तेज धूप और भीषण गर्मी ने लोगों का हाल -बेहाल कर दिया है। पशु पक्षी से लेकर आम जन -जीवन काफी प्रभावित हो रहा है। दोपहर होते ही बाजार में सन्नाटा पसर जाता है। राते गर्म हो चली है। तापमान का पारा 45 डिग्री को पार करने की कोशिश में हैं। राते गर्म हो चली है। इसका न्यूनतम तापमान 30 डिग्री तक जा रहा है।

नवतपा लगने पर यह बढ़ भी जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। बहरहाल मौसम विभाग ने ग्रीष्म लहर की दी चेतावनी के अनुसार राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान, गंडई, मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिले भीषण गर्मी की चपेट में रहेंगे।



**मौसम विभाग ने हिट वेव की दी चेतावनी, आरेंज और यलो दोनों का संकेत, हीट वेव से बचने डाक्टर प्रकाश खूंटे ने दिए सुझाव**

### मौसम विभाग ने हिट वेव का दिया यलो अलर्ट

मौसम विज्ञानी एच पी चंद्रा ने बताया कि एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण अंदरुनी उड़ीसा और उसके आसपास 15 किमी उंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम,उत्तर प्रदेश से अंदरुनी उड़ीसा, छत्तीसगढ़ होते हुए 15 किमी उंचाई पर विस्तरित है एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास 31 किमी उंचाई तक विस्तारित है जिसके असर से मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा। इससे ग्रीष्म लहर चलने की संभावना बढ़ गई है। इससे तापमान 3 डिग्री बढ़ेगा। यही वजह है कि हिट वेव का खतरा बता कर यलो अलर्ट जारी कर दिया गया है।

### इस बार की गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड

बता दें कि इस बार की गर्मी ने पूरे विश्व की गर्मी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दुनिया के सबसे 98 गर्म शहरों में भारत 95 शहरों के साथ टाप में रहने के बाद हमारे देश ने गुरुवार को 98 में से 95 शहरों के साथ टाप पर अपनी जगह बनाई है। भारत देश के इन प्रांतों में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार, उड़ीसा के साथ-साथ छत्तीसगढ़ ने भी अपनी जगह बनाई है। छत्तीसगढ़ के तो दो शहर रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के सूचकांक में आ गए हैं। नवतपा के पूर्व बढ़ती भीषण गर्मी और हीट वेव के खतरे को भांपते हुए इसके खतरे से बचने शहर के डाक्टर प्रकाश खूंटे से लोगों को सुझाव दिए हैं।

### सन स्ट्रोक से बचने डाक्टर की सलाह

मेडिकल कॉलेज के सुयोग्य डॉ प्रकाश खूंटे ने भीषण गर्मी के साथ चलने वाली ग्रीष्म लहर के खतरे को भांपते हुए जन हित में लोगों को सुझाव दिए हैं।उनके अनुसार भीषण गर्मी मे बहुत ज्यादा जरूरी हो तभी घर से निकले और वह भी मुंह कान नाक को कपड़े में पूरी तरह लपेट कर। शरीर में पानी की कमी होने न दे। गर्मी के दुश्मन तरबूज खरबूज ककड़ी, लीची फल का सेवन करें, दही लस्सी, मठा,नींबू शरबत, शीतल पेय पदार्थ, गन्ना रस, जलजीरा आदि का सेवन शरीर में पानी की कमी की पूर्ति करता है।सन स्ट्रोक व हिट वेव से बचने के लिए छांह जैसी जगह का इस्तेमाल करें। घर में तो ओआरएस का घोल अवश्य रखें। यह बच्चे बूढ़े सभी के लिए फायदेमंद है। उन्होंने बताया कि सन स्ट्रोक हिट वेव के चलते झटका भी आ सकता है। बेहोश भी हो सकते हैं। हीट वेव अथवा लू लगने पर मरीज को तुरंत ठंडी व हवादार जगह पर ले जाएं। शरीर को ठंडे पानी से धोएं।हो सके तो उसे ठंडा पानी पिलाए। उसकी माथे पर गीला पट्टी रखें। मरीज यदि बेहोशी की हालत में है तो जल्द ही नजदीक के हास्पीटल में ले जाएं।

# सड़क चिरचारी में सुबह-सुबह भीषण सड़क हादसा : महाराष्ट्र की ओर से आ रही बस और ट्रक दुकान में घुसे, बाल-बाल बची यात्रियों की जान

**राजनांदगांव/सड़क चिड़चारी (दावा)।** छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र सड़क चिरचारी में शनिवार की सुबह करीब 6 से 6:30 बजे के बीच एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यात्री बस (सीजी-10 बीएक्स 3882) और एक भारी मालवाहक ट्रक (एमएच -40 सीटी 1859) दोनों ही महाराष्ट्र की दिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे थे। बस में बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर सवार थे, जो हैदराबाद से अपना काम पूरा कर वापस अपने गृह ग्राम लौट रहे थे। इसी दौरान ओवरटेक करने की आपाधापी में दोनों वाहन अचानक अनियंत्रित हो गए और तेज रफ्तार में मुख्य मार्ग से नीचे उतरकर सीधे सड़क किनारे स्थित दुकानों की ओर जा घुसे। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वाहन का ऊपरी भाग सीधे दुकान के छज्जों और मलबे तक जा पहुंचा।





अक्सर यह समस्या देखी जाती है कि हाईवे रोड पर ट्रक चालक अपने वाहनों को सड़क के किनारे ही बेतरतीब ढंग से खड़ा कर देते हैं और स्वयं चाय-नाश्ता करने के लिए होटलों या ढाबों में चले जाते हैं। ऐसे में सड़क का हिस्सा संकरा हो जाता है, जिससे तेज रफ्तार वाहनों को सुरक्षित रास्ता नहीं मिल पाता और इस तरह की दुर्घटनाएं घटित होती हैं।

इस पूरी घटना में सबसे बड़ी और सुखद राहत यह रही कि इतनी गंभीर टक्कर और वाहनों के सड़क से नीचे उतरने के बावजूद कोई जनहानि नहीं हुई। बस में सवार सभी प्रवासी मजदूर सुरक्षित हैं, हालांकि अचानक हुए झटके और भिड़ंत के कारण एक महिला यात्री के सिर पर चोट आई है, जिसे मौके पर मौजूद लोगों और प्रशासन की मदद से तत्काल उपचार उपलब्ध कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही बाघनदी थाना पुलिस की टीम ने तत्परता दिखाते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पुलिसकर्मियों ने दुर्घटनास्थल का मुआयना किया, साथ ही, पुलिस ने हाईवे पर यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया ताकि अन्य वाहनों को आवाजाही में परेशानी न हो। उल्लेखनीय है कि सड़क चिरचारी क्षेत्र में कुछ ही दिनों के भीतर यह दूसरी बड़ी दुर्घटना है। बार-बार हो रहे इन हादसों ने इस क्षेत्र में सड़क सुरक्षा के उपायों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह हादसा सवेरे के बजाय दिन के समय होता जब दुकानों के पास भीड़ रहती है, तो परिणाम बेहद आत्मघाती हो सकते थे। फिलहाल बाघनदी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के सटीक कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

# सुशासन तिहार केवल दिखावा, जनता के पैसों की हो रही बर्बादी- पिंटू

**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे पूरी तरह दिखावटी आयोजन और शासकीय राशि का दुरुपयोग बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर सुशासन के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर आम जनता आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिये परेशान है।



वरिष्ठ प्रवक्ता श्री पिंटू ने प्रेस विज्ञप्ति के जरीए बयान जारी करते हुए कहा कि सुशासन तिहार जैसे आयोजनों में लाखों रुपये खर्च किये जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर जनता को उसका कोई लाभ दिखाई नहीं दे रहा। आरोप लगाया कि यह पूरा कार्यक्रम केवल सरकारी उपलब्धियों का प्रचार करने और जनता का ध्यान वास्तविक समस्याओं से भटकाने का माध्यम बन गया है। जिले में आज भी कई सड़कें जर्जर स्थिति में हैं, कई गावों में पहुंच मार्ग तक नहीं है। शहरों में नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही, पेयजल की समस्या बनी हुई है तथा बिजली व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार प्रभावित रहती है, इसके बावजूद सरकार सुशासन का उत्सव मनाकर अपनी पीठ थपथपा रही है।

श्री पिंटू ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में जनता के हित में कार्य करना चाहती है, तो सबसे पहले स्थानीय समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए, आरोप लगाया कि प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सुशासन तिहार के नाम पर अनावश्यक कार्यक्रमों और व्यवस्थाओं में व्यस्त रखा जा रहा है, जिससे आम कामकाज प्रभावित हो रहा है। जनता अब केवल घोषणाएं और प्रचार नहीं बल्कि धरातल पर विकास कार्य देखना चाहती है। उन्होंने सरकार से मांग किया कि शासकीय धन का उपयोग जनहित के कार्यों में किया जाये ना कि केवल आयोजन और प्रचार-प्रसार में। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हितों को लेकर आवाज उठाती रही है और आगे भी आम नागरिकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाती रहेगी। वहीं उन्होंने प्रशासन से पारदर्शिता के साथ कार्य करने और जनता की वास्तविक समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने की अपील किया है।

### नगर पंचायत घुमका के अध्यक्ष पद के लिए 3 अभ्यर्थी लड़ेंगे चुनाव

**राजनांदगांव (दावा)।** नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन 2026 अंतर्गत नगर पंचायत घुमका के अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है और प्रतीक चिन्ह का आबंटन कर दिया गया है। नगर पंचायत घुमका के अध्यक्ष पद के लिए कुल 3 अभ्यर्थी चुनाव लड़ेंगे। इसके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 घुमका निवासी आम आदमी पार्टी की अभ्यर्थी अलिशा जोशी को झाड़ू, वार्ड क्रमांक 15 घुमका निवासी इंडियन नेशनल कांग्रेस की अभ्यर्थी फूलमती जयकुमार वर्मा को हाथ एवं वार्ड क्रमांक 13 घुमका निवासी भाजपा की अभ्यर्थी किरण वर्मा को कमल चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है।

### नगर पंचायत घुमका के लिए निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दल गठित

**राजनांदगांव (दावा)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन 2026 अंतर्गत नगर पंचायत घुमका के लिए निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दल के लिए निर्वाचन व्यय संपरीक्षक एवं लेखा दल का गठन किया है। इसके अंतर्गत लेखाधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार तिवारी को निर्वाचन व्यय संपरीक्षक का दायित्व सौंपा गया है। इस तरह लेखा दल में लेखापाल कार्यालय प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला घुमका श्री अतुल कुमार जैन एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर जनपद पंचायत राजनांदगांव संतोष देवांगन शामिल है। सहायक ग्रेड 2 कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी घुमका छमाधर शुक्ला को रिजर्व में रखा गया है। इनका कार्यक्षेत्र रिटर्निंग ऑफिसर नगर पंचायत घुमका रहेगा।



जल ही जीवन है...


# 25 साल बाद रॉयल किड्स कॉन्वेंट के 2001 बैच का पूर्व छात्र मिलन समारोह आज भव्यता के साथ हुआ संपन्न

**राजनांदगांव (दावा)।** समय का पहिया घूमता है, लेकिन बचपन की यादें कभी धुंधली नहीं होतीं। कुछ ऐसा ही ऐतिहासिक और भावुक नजारा आज शहर में देखने को मिला, जब रॉयल किड्स कॉन्वेंट के साल 2001 बैच के पूर्व छात्र पूरे 25 साल बाद एक बार फिर इकट्ठा हुए। पिछले कई दिनों से चल रही जोर-शोर से तैयारियों का नतीजा आज एक बेहद भव्य और यादगार 'एल्युमनाई मीट' (पूर्व छात्र मिलन समारोह) के रूप में सामने आया, जिसने हर किसी की आंखें नम और दिल को खुशियों से भर दिया।

25 वर्षों के इस लंबे सफर में इस बैच के साथी देश-विदेश में अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। आज के इस समारोह में शामिल होने के लिए कई साथी विशेष रूप से विदेशों से पहुंचे थे, तो कई देश के बड़े महानगरों की मल्टीनेशनल कंपनियों में ऊंचे पदों पर कार्यरत हैं। वहीं, कुछ साथियों ने शहर में ही रहकर एक प्रतिष्ठित बिजनेसमैन के रूप में अपनी खास पहचान बनाई है। सालों बाद जब ये पुराने दोस्त एक-दूसरे से गले मिले, तो



बचपन की शरारतें और यादें जीवंत हो उठीं।

### इन दिग्गजों ने संभाली कमान

इस भव्य और सफल आयोजन को धरातल पर लाने के लिए बैच के कई चेहरे महीनों से जुटे हुए थे। साल 2001 की हेड गर्ल मनीषा चौधरी झा, अमेरिका से खास तौर पर इस मीट के लिए लौटे डेलॉयट हैदराबाद में कार्यरत हेड बॉय धवल ठक्कर और शहर के जाने-माने बिजनेसमैन व बिल्डर विनय बैद ने इस पूरे कार्यक्रम की कमान बखूबी संभाली। आरकेसी में पढ़े शहर, देश एवं विदेश के छात्र-छात्राएँ इस गौरवशाली बैच का हिस्सा बनकर इस मिलन समारोह में शामिल हुए और पुरानी यादों को साझा किया।

### मार्गदर्शकों का मिला आशीर्वाद

संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि आज का यह दिन पुरानी यादों को ताजा करने, जीवन के अनुभवों को साझा करने और बचपन के उन सुनहरे दिनों को फिर से जीने का एक शानदार जरिया बना।

शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अशोक चौधरी ने आरकेसी की पुरानी बिल्डिंग, पप्पाजी लाल शंकर बहादुर सिंह एवं फाउण्डर डॉ. जे.बी. सिंह की यादें ताजा करीं। सभी पूर्व छात्रों को उन्होंने अपने बच्चों को संस्कार जरूर सिखाने की नसीहत दी और संस्कृत को भाषा के रूप में जनगणना के दौरान बताने की अपील की। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्षा डॉ. सविता जे बी सिंह ने जीवन को बहादुरी से जीने की सीख दी और भारतीय संस्कृति के महान मूल्यों पर अडिग रहने की बात कही । पूर्व शिक्षकों में पूरी मैडम उपप्राचार्या, कालड़ा मैडम, मोनिका तिवारी, ममता मिश्रा, मौली सेवेस्तियन, जे.आर. पण्डा, संतूलाल गुप्ता, प्रधान पाठिका मनीषा शर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी चुन्नी लाल शर्मा, वरिष्ठ शिक्षक आलोक शर्मा, आर.एन. मिश्रा, पी. एल. मोहबे, गोपाल साहू, शाहबाज खान सर की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा में चार चांद लगा दिए।

सभी पूर्व छात्र छात्रायें एक कलर की ड्रेस में आये। शिक्षकों को आकर्षक गिफ़्ट दिए गए । शानदार स्वादिष्ट भोजन का प्रबंध रखा गया । समस्त पूर्व छात्रों को शाला प्रबंधन द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस खास मौके पर छात्रों को रास्ता दिखाने वाले उनके गुरुजन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्कूल मैनेजमेंट की प्रेसिडेंट डॉ. सविता जेबी सिंह, वाइस प्रेसिडेंट अशोक चौधरी सहित उन सभी शिक्षकों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने 25 साल पहले इन बच्चों के भविष्य की नींव रखी थी। इस अवसर पर शाला के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. जे.बी. सिंह सर और पूज्य पापाजी श्री लाल शंकर बहादुर सिंह, गार्ड भाईराम, केशरवानी सर, वर्गीस सर के साथ बिताए गए पलों को याद कर सभी भावुक हो उठे।

### मेमेंटो देकर किया गया सम्मानित

आज का यह दिन हंसी-मजाक, पुरानी खट्टी-मीठी यादों और अपनों के साथ से भरा एक शानदार 'गाला डे' साबित हुआ। कार्यक्रम के दौरान मनीषा चौधरी झा द्वारा तैयार किया गया एक विशेष प्रेजेन्टेशन भी दिखाया गया, इस विजुअल सफर ने सभी को भावुक कर दिया। शाला परिवार द्वारा सभी पूर्व छात्रों को विशेष मेमेंटो (स्मृति चिन्ह) प्रदान कर सम्मानित किया गया।

डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, पूजा सिंह, इला सिंह, जाह्नवी सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. आई.के. वैष्णव, उप प्राचार्या ममता मिश्रा ने इस गरिमामयी कार्यक्रम के सफल और भव्य आयोजन पर अपनी गहरी प्रसन्नता व्यक्त की और सभी पूर्व छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आज का यह भव्य आयोजन हर किसी के दिल में हमेशा-हमेशा के लिए एक अनमोल याद बनकर दर्ज हो गया है।

## अनमोल दावा

"सपने वो नहीं जो हम सोते समय देखते हैं, सपने वो हैं जो हमें सोने नहीं देते।"

## सम्पादकीय

# महंगाई बढ़ना तय है, किन्तु, पीएम आपदा को अवसर में बदलने प्रयासरत

ईरान-अमेरिका के बीच युद्ध विराम का समझौता अधर में है। पेट्रोल, डीजल व सी.एन.जी. के दाम फिर बढ़ाए गए हैं। केन्द्र सरकार धीरे-धीरे किश्तों में कीमत बढ़ा रही है और ये कीमतें कहां पर रूकेगी? यह कहना मुश्किल है। पूरा विश्व तेल सकंट और उसके बढ़ रहे दामों को लेकर चिन्ताग्रस्त है। वैश्विक शांति अधर में हैं। मान लें कि, देर-सबेर ईरान-अमेरिका के बीच युद्धविराम का समझौता हो भी गया और हार्मुज स्ट्रेट का मार्ग सुरक्षित खुल गया तब भी क्रूड तेल की कीमतों में कोई उल्लेखनीय कमी आएगी, इसकी उम्मीद कम ही है।

भारत याने हमारे देश में विपक्षी नेता भयावह मूल्यों में वृद्धि की भविष्यवाणी कर रहे हैं। क्रूड तेल की कीमतें बढ़ेगी तो स्वाभाविक रूप से माल वाहकों की ट्रांसपोर्टिंग की दर भी बढ़ेगी। प्रत्येक चीज-वस्तुएं ट्रांसपोर्टिंग से जुड़ी हैं, इस कारण वे सभी मंहगी होगी और लोगों के लिए महंगाई असहनीय बोझ सदृश्य होगी।

निःसंदेह, प्रधानमंत्री मोदी ने पांच देशों की मुलाकात कर के क्रूड तेल की आपूर्ति की व्यवस्था की है। भारत अब अमेरिका अधीनस्थ वेनेजुएला से भी तेल खरीदेगा। डोनाल्ड ट्रम्प ने भी भारत को आश्वस्त किया है कि भारत को जरूरत के मुताबिक क्रूड तेल प्रदाय करेंगे। भारत ने अर्थतंत्र को संतुलित बनाने के लिए 40 बिलियन डालर के विदेशी पूंजीनिवेश पर समझौता भी किया है। आरबीआई ने केन्द्र सरकार को आर्थिक संकट के मद्देनजर करोड़ों रूपए प्रदान किए हैं।

अपने विदेश यात्रा से स्वदेश वापस लौटते ही प्रधानमंत्री ने तुरन्त मंत्रीमंडल के अलावा अधिकारियों के साथ अर्थतंत्र विषयक चर्चा विचारणा की है। हमेशा के अनुरूप नरेन्द्र मोदी ने आपदा याने आपत्ति को अवसर में बदलने का काम शुरू कर दिया है। हमारी जरूरतों के मद्देनजर क्रूड तेल प्राप्त करने नए देशों से सम्पर्क किया है। अब वेनेजुएला से भी तेल खरीदेंगे। यू.एई. के साथ अपना करार सर्वाधिक लाभदायी है। हमारी जरूरत के आधार पर आपूर्ति हो और आरक्षण भंडार-स्टोरेज का समझौता हुआ है। इसके अलावा, भारत में पूंजीनिवेश होगा और क्रूड आइल की कीमत डालर में चुकाने नहीं पड़ेगी। भारत में गृह उपयोगी तमाम चीजें-मालसामान का आयात होगा। इसके अलावा, भारत यूएई के तमाम बंदरों की भी जवाबदारी लेगा। पाकिस्तान सहित अन्य कई देशों ने सऊदी की सुरक्षा करने का करार किया है।

अब, अमेरिका के विदेशमंत्री मार्को रूबियो अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं। वे खास कर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। QUAD शिखर वार्ता में भी शामिल होंगे। वे किस मुद्दे पर क्या बात करते हैं? भारत-अमेरिका के बीच पूर्व में हुआ समझौता-करार अभी अपूर्ण हैं। इस करार बाबत अंतिम निर्णय क्या होना है? इस पर भी देश की शांति-अशांति निर्भर करेगी। लेकिन, इस सबके बीच यह तय है कि देश में मंहगाई डायन अपना काम करेगी और देशवासियों को इसका सामना करने तैयार रहना होगा।

# आत्मनिर्भरता, पोषण और बदलाव की नई पहचान बनीं महिला स्व-सहायता समूह

**डॉ. दानेश्वरी संभाकर**

छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण और कुपोषण मुक्ति को एक साथ जोड़ते हुए राज्य सरकार ने एक ऐसी पहल शुरू की है, जिसने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आशा, आत्मविश्वास और आर्थिक स्थिरता की नई रोशनी जगाई है। आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पूरक पोषण आहार (रेडी-टू-ईट) के निर्माण एवं वितरण का दायित्व महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपकर सरकार ने महिलाओं को केवल रोजगार ही नहीं दिया, बल्कि उन्हें विकास की मुख्यधारा में सशक्त भागीदारी का अवसर भी प्रदान किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रारंभ की गई यह पहल राज्य में महिला सशक्तिकरण और पोषण सुरक्षा के समन्वित मॉडल के रूप में उभर रही है। पहले जहां पूरक पोषण आहार निर्माण का कार्य बाहरी एजेंसियों के माध्यम से किया जाता था, वहीं अब यह जिम्मेदारी गांव की महिलाओं ने संभाल ली है, इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित हुआ है और महिलाओं की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रही है।



राज्य सरकार ने प्रथम चरण में रायगढ़, कोरबा, सूरजपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा और बलौदाबाजार-भाटापारा जिलें में इस योजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया है। इन छह जिलें के 42 महिला स्व-सहायता समूहों को रेडी-टू-ईट पोषण आहार निर्माण एवं वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन समूहों के माध्यम से हजारों महिलाओं को रोजगार मिली है और वे अब संगठित रूप से उत्पादन, पैकेजिंग, गुणवत्ता नियंत्रण और वितरण का कार्य संभाल रही हैं।

प्रदेश का पहला रेडी-टू-ईट उत्पादन रायगढ़ जिले में प्रारंभ हुआ, जिसने पूरे राज्य के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। कोरबा जिले में 10, रायगढ़ में 10, सूरजपुर एवं बलौदाबाजार-भाटापारा में 7-7, बस्तर में 6 तथा दंतेवाड़ा में 2 महिला स्व-सहायता समूह इस कार्य से जुड़ी हुई हैं। इन समूहों के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों तक समय पर गुणवत्तापूर्ण पूरक पोषण आहार पहुंचाया जा रहा है।

इस पहल का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इससे महिलाओं की भूमिका केवल श्रमिक तक सीमित नहीं रही, बल्कि वे प्रबंधन और निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा भी बनी हैं। उत्पादन इकाइयों में कार्यरत महिलाओं को मशीन संचालन, गुणवत्ता परीक्षण, पैकेजिंग, भंडारण वितरण और लेखा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया है। आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित इन इकाइयों ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है।सूरजपुर जिले में संचालित रेडी-टू-ईट निर्माण संयंत्र इस बदलाव की सशक्त तस्वीर प्रस्तुत कर रही हैं। भैयाथान, प्रतापपुर और सूरजपुर विकासखंडों में संचालित संयंत्रों में महिलाएं पौष्टिक नमकीन दलिया और मीठा शक्ति आहार तैयार कर रही हैं। इन खाद्य पदार्थों में विटामिन 'ए', विटामिन 'डी', आयरन, कैल्शियम, जिंक और फोलिक एसिड जैसे आवश्यक पोषक तत्व शामिल हैं, जो बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।

इन संयंत्रों में कार्यरत महिलाएं अब केवल अपने परिवार की जिम्मेदारियां नहीं निभा रहीं, बल्कि जिले के पोषण अभियान में महत्वपूर्ण भागीदार बन चुकी हैं। सूरजपुर जिले में निर्माण के साथ-साथ वितरण की जिम्मेदारी भी महिला समूहों को सौंपी गई है, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं आजीविका से जुड़ सकी हैं। लगभग 430 महिलाएं आंगनबाड़ी केंद्रों तक पोषण आहार पहुंचाने के कार्य में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने इस पहल को महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता और बच्चों के बेहतर पोषण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उनका कहना है कि यह योजना महिलाओं को रोजगार देने के साथ-साथ राज्य के पोषण स्तर में सुधार लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

दरअसल, यह पहल केवल पोषण आहार निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक बदलाव की एक सशक्त कहानी भी है, जिन महिलाओं की पहचान कभी केवल घरेलू कार्यों तक सीमित थी, वे आज उत्पादन इकाइयों का संचालन कर रही हैं। समूहों का नेतृत्व कर रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक मजबूती का आधार बन रही हैं। नियमित आय ने उनके जीवन में स्थिरता लाई है, आत्मविश्वास बढ़ाया है और समाज में उनकी भागीदारी को मजबूत किया है।

छत्तीसगढ़ में महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से संचालित यह मॉडल ÷पोषण के साथ सशक्तिकरण÷ की अवधारणा को वास्तविक रूप दे रहा है। यह पहल साबित कर रही है कि जब महिलाओं को अवसर और विश्वास मिलता है, तो वे न केवल अपने जीवन को बदलती हैं, बल्कि पूरे समाज के विकास की दिशा भी तय करती हैं।

**लेखक उप संचालक (जनसंपर्क) हैं**

## विचार सरिता

# हँसी के किस्से : हिल स्टेशन की यात्रा से पूर्व बच्चे करेंगे एआई से समर होमवर्क

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



कवि कुमार के बच्चों की गर्मी की छुट्टियाँ हो गई हैं। जब कवि ने किसी हिल स्टेशन पर जाने का आइडिया रखा, तो बच्चों ने पलक झपकते हाँ कह दिया। वे खुशी से उछल पड़े। बिट्टू और पिंकी दोनों ने एक साथ कहा-

''थैंक्यू पापा! आखिर आपने हम बच्चों की रिक्वेस्ट मान ली।''

''रिक्वेस्ट नहीं बच्चों डिमांड कहो। यह भी कह सकते हो कि इच्छा रख ली।'' कवि कुमार ने समझाया।

पिंकी ने कहा, ''पापा! रिक्वेस्ट शब्द क्यों नहीं?''

''क्योंकि यह कोई ऑफिस का कार्य नहीं है, घर की चर्चा है। इसमें किसी रिक्वेस्ट की आवश्यकता नहीं है।'' कवि कुमार ने कहा।

कवि कुमार की इस समझाईश के बाद दोनों बच्चे छुट्टियों की योजना बनाने लगे। बिट्टू ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा-

''छुट्टियों पर क्या जाएंगे? स्कूल से इतना होमवर्क जो मिला है।''

पिंकी ने कहा, ''तो कर ले फटाफट होमवर्क, इसके बाद छुट्टियों का आनंद लेना।''

बिट्टू ने दुखड़ा प्रकट करते हुए कहा, ''होमवर्क कम नहीं है। हर सब्जेक्ट में दस-दस पेज का है। याद करने का टास्क अलग है। ऐसे में क्या खाक छुट्टी इंजाय करेंगे?''

पिंकी ने कहा, ''ए.आई. है भाई। इसकी सहायता से तुम्हें पलक झपकते सवालों के उत्तर मिल जाएंगे।''

बात कवि के कानों में पहुंची। उन्होने कहा, ''ए. आई. के भरोसे उत्तर लिखोगे तो गृहकार्य खुद कैसे करोगे? शिक्षक ने आपके अभ्यास के लिए गृहकार्य दिया है, उत्तरों को ए.आई. या अन्य स्त्रोत से नकल मारकर उतारने के लिए नहीं।''

''पापा। टीचर ने ये सारे प्रश्न भी तो ए. आई. से दिए हैं।'' बिट्टू ने कहा।

श्रीमती रिमझिम ये सब बड़ी देर से सुन रही थी। उसने कहा, ''बेटा! अगर ए.आई. से इतना ही प्रभावित है तो छोड़ दे स्कूल जाना और एआई को बना ले अपना गुरु।''

''ठीक है मम्मी! यह भी ए. आई. से पूछता हूँ कि क्या ऐसा संभव है कि घर बैठे ए. आई. से पढ़ाई हो।''

थोड़ी देर में कवि ने हिल स्टेशन की यात्रा का अपडेट दिया। उन्होंने कहा, ''अभी मैंने ए. आई. से पूछा तो उत्तर मिला कि उस हिल स्टेशन की यात्रा सुरक्षित नहीं है और मौसम भी बिगड़ सकता है, जहाँ हम लोग जाने वाले हैं।''

बिट्टू ने समझा कि एआई के चक्कर में यात्रा ही खतरे में है। उसने मोबाइल एक तरफ रखा और पाठ्यपुस्तक से ढूंढ़कर होमवर्क करने लगा।

## कविता

### कलयुगी सुरूज

देखव संगी देखव न, कईसन दिन आवत है।
रतिहा म 38 डिग्री त, मंझनिहा 46 म जावत है।।
अपन सुख बर रूख कांटय, चिरई-चुरगुन रोवत है।
महंगई तोपे बर जंगल कांटय, दुसर ल दोष देवत है।
शहरीकरण करत गांव ल, पक्की सड़क बनावत है।
घर घर चलत बोर मशीन, तरीया नदिया अटावत है।
रंग रंग के खावय पियय, सुवाद थोरको नई आवत है।
थक हार गे सरहा तन, आनी बानी रोग झपावत है।
कोड़िहा होगेन हम किसान, टेक्टर, थ्रेशर चलावत है।
रसायनिक दवा ल डार के, भुइंया ल रोवावत है।।
शहरीया सुतै एसी म, बनिहार ह पसीना बोहावत है।
करम कोनो दुसर करें, सिधवा मन पेरावत है।
दया कर ये कलयुगी सुरूज, कतिक लाल आंखी देखाबे।
सिरा जही ये सगरो जग, कोनो पुछईया नई पाबे ।।
अब तो सुधरो पापी मनखे, रूखवा पानी ल बचावव जी।
धरती दाई के सिंगार बर, जुर मिल पेंड़ लगावव जी।।
जय जोहार जय छत्तीसगढ़ ।।

**धनंजय साहू 'दौना'**
ग्राम-करमतरा
(सिंघोला),
तहसील- डोंगरगाँव
मो.नं.8959630985

### सू- दोकू क्र.047

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 046 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | [illegible] | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## सामयिक चर्चा

### विद्यार्थियों के लिए संकल्प

बानी बोले - ''गजाधर! आज हमने
एक अच्छा समाचार पढ़ लिया।
आप भी सुनिए -
पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान
विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने
शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षा में
उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 120 विद्यार्थियों की
'विद्या विभूषण सम्मान 2026 से विभूषित किया।
उन्होंने मेधावी छात्रों को
बधाई व शुभकामनाएँ दी।
और उन्हें पांच-पांच हजार रूपये
प्रदान करने की घोषणा भी की।
डॉ. रमन सिंह ने इस अवसर पर कहा -
''आप में से कोई डॉक्टर बनना चाहते हैं
कोई कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक
या इंजीनियर बनना चाहते है।
आप जिस क्षेत्र में सेवा देना चाहते हैं,
उस लक्ष्य को अपने घर के कमरें की दीवार पर
लिख रखना कि आने वाले वर्षों में
मैं इस पद पर जाना चाहता हूँ।
गजाधर! मैं भी डॉ. रमन की तरह यह मानता हूँ
कि रोज पढ़ते समय वह दीवार
प्रेरणा देती रहेगी।
कि तुमने यह वादा किया था,
अपने आप से एक संकल्प लिया था,
आपकी इच्छा शक्ति उस वादे को पूरा करेगी।
गजाधर! इस पर आपकी बुद्धि क्या कहेगी?''
गजाधर मुस्कराए बोले- ''बानी!
डॉ. रमन साहब में एकदम ठीक कहा है।
हमें पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी का
संस्मरण याद आज आ रहा है।
वे जब विद्यार्थी थे
उन्होंने अपने टेबिल पर काँच के नीचे
अल्लामा इकबाल का शेर लिख रखा था -
''खुदी को कर बुलन्द इतना
कि हर तकदीर से पहले,
खुदा बन्दे से खुद पूछे -
बता तेरी रजा क्या है।''
(शनिवार 23 मई 2026)



**गिरीश बख्शी**

## कविता

### प्रकृति

*सबसे आकर्षक है तो सिर्फ प्रकृति*
*जिसे देख-देख आँखे नहीं थकती।*
*मन की अभिलाषा तितली की प्यास*
*एक बार में नहीं बूझती।*
*सबसे आकर्षक है तो सिर्फ प्रकृति।*
*भू-धरा में प्रथम आगमन*
*जिसकी छठा नैनाभिराम*
*माटी की महक में सौधी सुंगध*
*जिसका कण-कण सोने सा प्रतिक्षण।*
*तुम से हम है, हम से ना तुम*
*पशु-पक्षी अपनी मस्ती में झुम*
*मनुष्यों का तु रखवाला*
*उनका आदि अंत तु कहलाता*
*इंसानों की बोली भाखा वाणी हो तुम*
*हमारा परिवाए, समाज और कुटुंब हो तुम*
*इसलिए सबसे आकर्षक हो तुम।*

- मंडावी 'सुमनरथी'
प्रधान पाठिका, प्राथ. शाला लिटिया
मो. - 7828166055

## राशिफल

**मेष**

मेष राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी कई योजनाएं समय से पूरी हो जाएंगी। परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल कर लेंगे। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से आसानी से मदद मिल जायेगी। आज आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी।

**वृष राशि**

वृष राशि वालों आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज कुछ बड़ा और अलग काम करने से आपको बचना चाहिए। किसी मामले को आपको बातचीत और शांति से सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए। साथ ही आप संवेदनशील भी हो सकते हैं। परिवार वालों के साथ अधिक-से-अधिक समय बितायेंगे। आज कुछ मामलों पर आप विचार कर सकते हैं। छात्रों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा।

**मिथुन**

मिथुन राशि वालों आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को पैसों के मामलों में लाभ हो सकता है। आज रोज की अपेक्षा ऑफिस में काम आसानी से पूरा हो सकता है। साथ ही बॉस आपकी परफॉरमेंस से खुश होकर आपको अच्छा-सा गिफ्ट कर सकते हैं। संतान पक्ष से सुख प्राप्त होगा। दूसरों की जरूरतों को पूरा करने की आप कोशिश करेंगे। आज आपका मन किसी नए काम को करने में लगेगा, आप उत्साहित होकर काम करेंगे।

**कर्क**

कर्क राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। दोस्तों के साथ घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं। आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। इस राशि के मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर है। आपके परिवार में सुख-सौभाग्य बढ़ेगा। जीवनसाथी के साथ ज्यादा समय बिताने की कोशिश करेंगे। ऑफिस में उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। कुछ नये विचारों पर भी काम कर सकते हैं।

**सिंह**

सिंह राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात की संभावना है। निवेश के मामलें में आपको नई सलाह मिल सकती है। आज लोगों की नजरों में आपकी पॉजिटिव इमेज बनेगी। कंप्यूटर के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है।

**कन्या**

कन्या राशि वालों आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। सभी काम आपके मन-मुताबिक पूरे हो सकते हैं। जरूरत से ज्यादा एकाग्रता के कारण आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। कुछ मनोरंजन के मौके मिल सकते हैं। संतान से खास खुशखबरी मिल सकती है। आपको अपने वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद करने से आपको बचना चाहिए। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा ले सकते हैं।

**तुला**

तुला राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को उम्मीद से ज्यादा लाभ मिलेगा। ऑफिस में आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा। दूसरे लोग आपकी योजना से काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन बेहतरीन है। परिवार के लोग आपके लिए मददगार होंगे। इस राशि के जो लोग सेल्स मार्केटिंग से जुड़े हैं, उन्हें आज उन्नति के कई सुनहरे अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। कुछ नए मौके आपको मिल सकते हैं। मिल कर किये गए कामों से आपको बहुत हद तक सफलता मिलने के योग है। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आप नया करतब सीखने का प्रयास करेंगे। व्यापार में उचित लाभ की प्राप्ति हो सकती है। ऑनलाइन व्यापार कर रहे लोगों को आज एक बड़ा ऑर्डर मिलेगा। आज अपनी खास बात किसी से शेयर ना करें।

**धनु**

धनु राशि वालों आज का दिन सुनहरे पल लेकर आयेगा। साहित्य के क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ी खुशखबरी मिलेगी। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी। दोस्तों के साथ मूवी जाने का प्लान बनायेंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर आपकी तारीफ होगी, जिससे आपका मन खुश रहेगा। जो लोग फिल्म जगत से जुड़े हैं, उनको आज बढ़िया ऑफर भी मिलेगा। वकालत कर रहे लोगों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मकर**

मकर राशि वालों आज आपका दिन व्यस्तता में बीत सकता है। आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच कर सकते हैं। आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान बढ़ेगा। माता-पिता के मार्गदर्शन में नया बिजनेस शुरू करने की योजना बनायेंगे।

**कुंभ**

कुंभ राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपके दाम्पत्य रिश्ते मधुर होंगे। रोजमर्रा के कामों से आपको फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आपको कई नये काम करने के मौके मिलेंगे। आप दूसरों की मदद के लिये तैयार रहेंगे। परिवार में लाभ की स्थिति बनेगी। रचनात्मक काम से आपको फायदा मिलेगा।

**मीन**

मीन राशि वालों आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कुछ लोगों की मदद से आपके काम पूरे हो सकते हैं। आपको अच्छी खुशखबरी मिल सकती है। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे। साथ ही वो किसी काम में आपसे सलाह भी ले सकते हैं। आप लोगों की इच्छाएं समझने की कोशिश में लगे रहेंगे। कुछ नई जिम्मेदारी आपको मिल सकती है।

# प्रशिक्षण से मजबूत होगा संगठन, कार्यकर्ता बनें समाज में मार्गदर्शक-उपमुख्यमंत्री अरुण साव

## कार्यकर्ता ही भाजपा की पहचान, हर कार्यकर्ता बने सक्षम -उपमुख्यमंत्री अरुण साव,

खैरागढ़ (दावा)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत भाजपा का खैरागढ़ गोलबाजार स्थित बाफना भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। उद्घाटन एवं प्रथम सत्र में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, संभाग भाजपा प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, प्रशिक्षण प्रभारी अजय राव, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह, घम्मन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेषर साहू तथा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई।। इसके पश्चात राष्ट्रगीत एवं राज्यगीत के सामूहिक गायन के बाद प्रशिक्षण सत्र का विधिवत शुभारंभ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता का प्रशिक्षित, सक्षम और जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है।। उन्होंने कहा कि भाजपा की पहचान उसकी विचारधारा और कार्यकर्ताओं की सक्रियता से होती है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की नीतियों, सिद्धांतों एवं सरकार की योजनाओं की पूर्ण जानकारी होना चाहिए।।

उन्होंने आगे कहा कि देश में जब भी कोई महत्वपूर्ण विषय सामने आता है, तो आम जनता भाजपा कार्यकर्ताओं से जानकारी प्राप्त करना चाहती है। ऐसे में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है, कि वे हर विषय पर जानकारी रखें और अपनी विचारधारा को मजबूती से समाज तक पहुंचाएं। उन्होंने धारा 370 हटाने, अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने जैसे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र



सरकार जनकल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 200 से अधिक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना प्रमुख हैं।। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से करोड़ों गरीबों को लाभ मिला है और सामाजिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।।

उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में सरकार बनते ही किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस दिया गया तथा महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को हर माह एक हजार रुपये प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं।।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जिला भाजपा द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और उसकी सराहना की।।

प्रशिक्षण महाअभियान के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में दुर्ग संभाग प्रभारी एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही तथा प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।।

जगन्नाथ पाणिग्रही ने अपने संबोधन में भाजपा के इतिहास और विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने स्वतंत्रता काल से लेकर वर्तमान तक संगठन की यात्रा, विचारधारा और विस्तार की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य राष्ट्रहित और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है।

कार्यक्रम में जिला भाजपा महामंत्री नवनीत जैन, शशांक ताम्रकार, आयश सिंह, अनिल अग्रवाल, वीरेंद्र जैन, श्यामपाल ताम्रकार, टी.के. चंदेल, आनंद सिन्हा, चंदन गोस्वामी, गिरजा चंद्राकर, उमा चौबे, नीलिमा गोस्वामी, देवीन बाई कोठले, विनय देवांगन, आलोक श्रीवास, दिनेश वर्मा, राजकुमार जंघेल, खम्हन ताम्रकार, ललित चोपड़ा, जैनेन्द्र जंघेल,ललित सोनी, शत्रुघ्न साहू, गोरेलाल वर्मा, वंदना तांडेकर, डोरेलाल साहू, श्यामसुंदर साहू, पन्ना मंडावी, दीना जंघेल, संदीप वैष्णव, नीलम राजपूत, किरण गुप्ता,जयप्रकाश साहू, प्रकाश सिंह, डॉ चंदू वर्मा, अवध वर्मा, जंत्री साहू, अनुज देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### कमलेश का कोर्ट मैनेजर में नियुक्ति से हर्ष

जोंधरा (दावा)। ग्रामीण क्षेत्र में पड़े-बढ़े ग्राम दर्री तहसील डोंगरगांव के होनहार युवा एवं कपिल कुमार गौरकर (प्रधान पाठक)



के बड़े सुपुत्र और ओमप्रकाश रामटेके (भूतपूर्व उपसरपंच दर्री) के भांजे कमलेश कुमार गौरकर जो कि वर्तमान में जनपद पंचायत चौकी में बी.पी.एम. के पद पर कार्यरत है, जिनका चयन छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से कोर्ट मैनेजर (राजपत्रित अधिकारी) जैसे प्रतिष्ठित पद पर हुआ है। जिससे बौद्ध समाज एवं ग्राम दर्री के ग्रामीणजन गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। बधाई देने वालों में भारतीय बौद्ध महासभा के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र बोरकर, कैलाश शर्मा (भाजपा नेता), राजेंद्र गणवीर, राजेश गौरकर, प्रो.रेखा गौरकर, चेतन सिंह राजपूत, पोहन साहू, मोहन साहू, युगल किशोर सोनटेके, ओमप्रकाश ऊके (पूर्व सरपंच दर्री), सिद्धोधन सोनटेके (सरपंच दर्री), श्याम सुंदर, राजेंद्र रंगारी, राजेश मेश्राम (पत्रकार) एवं बौद्ध युवा मोर्चा के सदस्य संदीप घोड़ेसवार, अभिषेक रामटेके, नवीन रामटेके शामिल है। आज रविवार को उनके घर आगमन पर उनके सभी शुभचिंतकों एवं परिवार के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।

### वनांचल के गांव केशोखैरी में होगा ई-रिक्शा से कचरा संग्रहण : संजय सिन्हा



छुरिया(दावा)। विकासखंड के महाराष्ट्र सीमा से सटे ग्राम पंचायत टिपानगढ़ के आश्रित गांव केशोखैरी में स्वच्छताग्रही दीदियों को ई रिक्शा प्रदान किया गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप रूप एम.डी.ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष अनु.जनजाति मोर्चा, संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, श्रीमती बीरम बाई मंडावी, खिलेश्वर साहू अध्यक्ष मंडल भाजपा, श्रीमती हेमिन साहू जनपद सदस्य, श्रीमती स्वाति मंडावी सरपंच, गैंदाटोला मौजूद रहे। श्री ठाकुर ने अपने उद्बोधन में बताया कि स्वच्छता किसी भी सभ्य समाज की पहचान होती है। बढ़ते शहरीकरण और जनसंख्या के कारण कचरे की समस्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में ई-रिक्शा द्वारा कचरा संग्रहण एक आधुनिक, सस्ता और पर्यावरण के अनुकूल समाधान बनकर उभरा है। जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने कहा कि ई-रिक्शा बैटरी से चलने वाला वाहन है, जिससे धुआँ और प्रदूषण बहुत कम होता है। पहले कचरा ढोने के लिए डीज़ल या पेट्रोल वाले वाहन उपयोग किए जाते थे, जिनसे वायु प्रदूषण और शोर बढ़ता था। लेकिन ई-रिक्शा न केवल प्रदूषण कम करता है, बल्कि संकरी गलियों और मोहल्लों में आसानी से पहुँचकर घर-घर से कचरा एकत्र कर सकता है, स्वच्छता ग्रही दीदियों को ई रिक्शा मिलने खुशी जाहिर की है। इस कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य बीरम बाई मंडावी, खिलेश्वर साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डोमेन पटेल, रामकुमार मंडावी, एस कुमार सिन्हा, दरबार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# कोहलाकासा जंगल क्षेत्र में पर्यावरण के विनाश की आहट, जिम्मेदार अब भी लापरवाह

डोंगरगढ़/चारभांठा(दावा)। दक्षिण बोरतलाव परिक्षेत्र का कोहलाकासा जंगल आज विकास की अंधी दौड़, रेत के अवैध उत्खनन और जलाऊ लकड़ी के नाम पर कच्चे वृक्षों की कटाई के कारण विनाश के प्राथमिक पड़ाव को पार करते दिखाई देता है। कोहलाकासा का यह प्राकृतिक अंचल आज दोहरी मार झेल रहा है; जहाँ एक ओर नाले की रेत पूरी तरह गायब हो चुकी है, वहीं अब इसकी हरियाली पर भी सीधे प्रहार की खबरें आ रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का सनसनीखेज दावा है कि जंगल के भीतर अब पेड़ काटने वाली 'लख्खा मशीनें' चल रही हैं।

इस विनाश में वन की सुरक्षा के लिए तैनात ब्लॉक स्तर तक के अधिकारियों की संलिप्तता और मौन सहमति का संदेह गहरा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अब यह मांग उठ रही है कि डीएफओ (ष्ठस्नह्र) साहब को अपनी स्वयं की एक विशेष टीम भेजनी चाहिए, जो इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सके और रसूखदार माफियाओं सहित उनके मददगार भ्रष्ट अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जा सके।







जंगल में जो कुछ भी हो रहा है, वह सीधे प्रशासनिक अधिकारियों की घोर लापरवाही और मिलीभगत को उजागर करता है। वन सुरक्षा के लिए तैनात बीट गार्ड से लेकर उच्च अधिकारियों की फौज की नाक के नीचे मीलों दूर तक फैला यह जीवित पारिस्थितिकी तंत्र आज पूरी तरह 'अनाथ' हो चुका है। विभाग के वातानुकूलित कमरों में %प्लांटेशन% और 'संरक्षण' की जो फाइलें बनती हैं, वे धरातल पर आते-आते राख हो रही हैं। रेत के खाली होने और इस अवैध उत्खनन के मामले में ब्लॉक स्तर तक के अधिकारी भी सम्मिलित हो सकते हैं, जिनकी शह पर यह सब हो रहा है। जब ग्रामीण महीनों तक रेत माफियाओं को बेखौफ होकर ट्रैक्टरों में नदी का सीना लादकर ले जाते देखते हैं, तो उनके मन से भी कानून का खौफ खत्म हो जाता है, जिसके कारण अब कुछ ग्रामीण भी निस्तारी के नाम पर हरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने लगे हैं।

### वन्यजीवों की सुरक्षा भारी खतरे में

मानवीय हस्तक्षेप और संसाधनों की इस खुली लूट ने बेजुबान वन्यजीवों की सुरक्षा को भी भारी खतरे में डाल दिया है। रेत के अवैध उत्खनन से नदियाँ-नाले (धमनियाँ) सुख चुके हैं, जिससे प्यास बुझाने के लिए ये जीव कभी-कभी गांवों के तालाबों का रुख करने को मजबूर हो जाते हैं। वहाँ जागरूकता की कमी के कारण वे अनजाने में ग्रामीणों के डर या शिकार का शिकार बन रहे हैं। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से उनका प्राकृतिक आवास लगातार सिकुड़ रहा है, जो पूरे पारिस्थितिक संतुलन के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। स्थानीय स्तर पर जागरूकता का अभाव इस विनाश की आग में घी का काम कर रहा है। ग्रामीणों को यह समझना होगा कि यदि ये पेड़ नहीं रहे, तो वर्षा का चक्र टूट जाएगा और भीषण गर्मी उनका जीवन दूभर कर देगी। इसके लिए प्रशासन को अपनी कुंभकर्णी नींद से जागकर 'फाइल संस्कृति' छोड़ 'फील्ड संस्कृति' अपनानी होगी और जन-भागीदारी को बढ़ाना होगा। कोहलाकासा का जंगल आज अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। यदि आज ज़िम्मेदार अधिकारियों ने केवल भाषणबाज़ी छोड़कर %भगीरथ प्रयास% नहीं किया, तो आने वाली पीढ़ियां हमसे सवाल पूछेंगी कि जब जंगल उजड़ रहे थे, तब ज़िम्मेदार लोग कहाँ थे।

# बीजेपी की रीति-नीति से प्रभावित हो युवाओं ने किया भाजपा प्रवेश



डोंगरगांव(दावा)। क्षेत्र के ग्रामीण अंचल और शहर के युवाओं का रूझान भाजपा की ओर दिख रहा है, इसी के चलते दो युवाओं ने स्थानीय नेताओं के सामने भाजपा प्रवेश किया। बता दें कि भाजपा के रीति नीति से प्रभावित होकर पिछले नगर पंचायत चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पार्षद चुनाव लड़ चुके डोंगरगांव नगर के युवा राजा देवांगन व ग्राम अरसीटोला निवासी डेविड साहू ने शुक्रवार को स्वेच्छा से भाजपा प्रवेश किया। डोंगरगांव मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल से संपर्क कर इच्छा जाहिर की थी, श्री पटेल व नवनियुक्त भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष शरद वैष्णव ने दोनों युवाओं का डोंगरगांव मंडल भाजपा के वरिष्ठ नेतागण दिनेश गांधी, गुलशन हिरवानी, जिला सहप्रवक्ता रामकुमार गुप्ता, चुन्नी यदु की उपस्थिति में विधिवत भाजपा प्रवेश करा कर भाजपा की रीति नीति, अनुशासन का पालन करते हुए संगठन के दिशा निर्देशों अनुसार कार्य करने की शपथ दिलाई।

इस दौरान सभी वरिष्ठों ने नव प्रवेशी युवाओं से संगठन को मजबूती प्रदान करने मिल जुलकर कार्य करने की बात कहते हुए युवाओं को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया व शुभकामनाएं दी। भाजपा प्रवेश करने पर राजा देवांगन व डेविड साहू को पार्टी का गमछा पहनाकर, पुष्प गुच्छ भेंट कर, मीठा खिलाकर, भव्य आत्मीय स्वागत किया गया। वहीं राजा देवांगन व डेविड साहू ने कहा कि संगठन के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए संगठन के मंशानुरूप मंडल क्षेत्र में संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु अच्छी कार्ययोजना बनाकर साथ मिलकर कार्य करेंगे। इस दौरान डोंगरगांव मंडल भाजपा के उपाध्यक्ष योगेश पटेल, पार्षद प्रफुल्ल जैन राजा, युवा मोर्चा महामंत्री गौरव यदु, नवनीत अहिर, हिमांशु साहू सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# मोहला जिले के गांवों में हेल्पेज इंडिया और विर्टगेन ग्रुप ने बांटे सहायक उपकरण, जरूरतमंदों को मिली बड़ी राहत



मोहला (दावा)। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद बुजुर्गों, दिव्यांगों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए हेल्पेज इंडिया और विर्टगेन ग्रुप द्वारा सराहनीय पहल की गई। संस्था द्वारा जिले के विभिन्न गांवों में निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित कर 100 से अधिक जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाई गई।

कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार व्हीलचेयर, कमोड व्हीलचेयर, वॉकर, हॉट एयर बैग सहित अन्य जरूरी सहायक सामग्री वितरित की गई। इन उपकरणों के मिलने से बुजुर्गों और दिव्यांगों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कई लोग संसाधनों के अभाव में कठिन जीवन जीने को मजबूर हैं। ऐसे में विर्टगेन ग्रुप के सहयोग से हेल्पेज इंडिया द्वारा यह प्रयास जरूरतमंद लोगों को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

वितरण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने संस्था के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इन उपकरणों से मरीजों के साथ-साथ उनके परिजनों को भी काफी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और सभी ने हेल्पेज इंडिया एवं विर्टगेन ग्रुप का आभार व्यक्त किया।

# ग्राम बनहरदी में स्वच्छता त्योहार उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ मनाया गया

### सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के संबंध में दी गई जानकारी



राजनांदगांव (दावा)। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के परिपालन में जिले के सभी ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाकर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत बनहरदी में स्वच्छता त्योहार उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ मनाया गया। कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम में ग्रामीणों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों, सड़कों, नालियों एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई। ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को साफ-सफाई को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, स्वच्छता दीदियों, युवाओं एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एमएल चंद्रवंशी ने सर्वोच्च न्यायालय के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने गांवों में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से प्रत्येक ग्राम पंचायत में इन नियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने ठोस एवं तरल अपशिष्ट के उचित प्रबंधन, कचरे के पृथक्करण तथा स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने कहा। जनपद पंचायत डोंगरगांव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशनी भगत टोप्पो एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से घर-घर कचरा संग्रहण एवं समय पर यूजर चार्ज देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया। डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य करने वाले स्वच्छाग्रहियों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच पूजा साहू, उपसरपंच भुवन साहू स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के जिला समन्वयक डॉ. छोटे लाल साहू, यूनिसेफ एसीई से बसंत मरकामड़े, बीसी मेघा कुर्रे, करारोपण अधिकारी वीरेंद्र तिवारी, ओपी जैन, कुंदन लाल मांडवी सहित पंच, उप अभियंता, तकनीकी सहायक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित पेपर लीक और व्यापक अनियमितताओं को लेकर खैरागढ़ में भारी आक्रोश

खैरागढ़ (दावा)। शैक्षिक प्रगतिशील मंच एवं 'देश की बात फाउंडेशन' के प्रतिनिधियों ने जिलाधीश के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। इस विरोध प्रदर्शन को सिविल सोसाइटी सहित विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक दलों का भी व्यापक समर्थन मिला, जिनमें कांग्रेस, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना, शिवसेना, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय संगठन और जोहार छत्तीसगढ़ के संवेदनशील सदस्य शामिल रहे।

ज्ञापन में कहा गया है कि नीट-यूजी जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में पेपर लीक और धांधली के आरोप न केवल परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं, बल्कि लाखों मेहनती छात्रों और उनके अभिभावकों के भविष्य के साथ भी सरासर अन्याय हैं. इस मुद्दे को लेकर इस समय पूरे देश में चिंता, आक्रोश और असंतोष का माहौल बना हुआ है।

### विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने जताई गंभीर चिंता

विप्लव साहू (प्रदेश संयोजक, देश



की बात फाउंडेशन) उन्होंने इस गंभीर प्रकरण पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा देना चाहिए. डॉ. अरुण भारद्वाज (शहर अध्यक्ष, कांग्रेस) उन्होंने छात्रों का पक्ष रखते हुए कहा कि दिन-रात मेहनत करने वाले परीक्षार्थियों के सपनों को तोड़ा गया है, जिससे उनके और उनके परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। एडवोकेट शेखू वर्मा (शैक्षिक प्रगतिशील मंच) उन्होंने बेहद दुख जताते हुए कहा कि परीक्षा में हुई इस धांधली और मानसिक तनाव के कारण कई निराश छात्रों ने आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम तक उठा लिया है। राकेश साहू (छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना) उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि भौतिक वस्तुओं की चोरी के बाद अब देश में शिक्षा की भी सरेआम चोरी-डकैती होने लगी है. नीलेश यादव (संयोजक) उन्होंने अपील की कि एक जागरूक सिविल सोसायटी को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की रक्षा के लिए हमेशा चौकस और सक्रिय रहना होगा।

### पारदर्शिता और कड़ी कार्रवाई की मांग

प्रतिनिधियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि नीट-यूजी परीक्षा में हुए कथित पेपर लीक मामले में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की जवाबदेही तय की जाए. साथ ही इस पूरे षड्यंत्र में शामिल दोषी अधिकारियों और पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए.

ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि लाखों विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करते हुए परीक्षा परिणाम पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किए जाएं. इसके अलावा, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए संपूर्ण परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और मजबूत बनाया जाए।

इस दौरान प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष व पार्षद दीपक देवांगन, टेकराम वर्मा,राजलक्ष्मी तिवारी, महेश यादव, रविन्द्र सिंह गुड्डा, भुनेश्वर वर्मा, डॉ. भोला साहू, डोमार वर्मा, सूर्यकांत यादव, अनिल साहू, शेखर दास वैष्णव, शिवेंद्र वर्मा, डॉ. खुमान साहू, धर्मेंद्र साहू, दिलेश पटेल, एक्टिविस्ट बिहारी यादव, गोलू दास साहू, राम ठाकुर, पंकज साहू, रतन सिंघी, विनोद सिन्हा, कन्हैया रजक, रघु वर्मा सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों व राजनीतिक दलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। शैक्षिक प्रगतिशील मंच एवं देश की बात फाउंडेशन द्वारा 22 मई को सौंपे गए इस ज्ञापन के माध्यम से राष्टीय स्तर पर शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए सजग रहने और आंदोलन करने का आह्वान किया।

## पहला कॉलम...

### पेट्रोल-डीजल के बाद अब CNG के भी बढ़े दाम

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की खुदरा कीमत में 1 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी की गई। पिछले 10 दिनों में यह तीसरी बार है, जब कीमतों में बदलाव किया गया है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के अनुसार, नई दिल्ली में सीएनजी की कीमत 80.09 रुपए प्रति किलो से बढ़कर 81.09 रुपए प्रति किलो हो गई है। वहीं, पड़ोसी शहरों नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी की कीमत बढ़कर 89.70 रुपए प्रति किलो हो गई है, जबकि गुरुग्राम में यह 86.12 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। इससे पहले 15 मई को सीएनजी की कीमत में 2 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी की गई थी, जबकि 17 मई को इसमें 1 रुपए प्रति किलो का इजाफा हुआ था। सीएनजी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी का असर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों और गैस से चलने वाले वाहनों का इस्तेमाल करने वाले यात्रियों पर पड़ने की संभावना है। इससे घरेलू खर्च और लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ सकती है। इस बीच, सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी की। करीब 10 दिनों में यह तीसरी बार है जब ईंधन के दाम बढ़ाए गए हैं।

पेट्रोल की कीमत में 87 पैसे प्रति लीटर और डीजल में 91 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण की गई है, जिसका असर अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 98.64 रुपए से बढ़कर 99.51 रुपए प्रति लीटर हो गई, जबकि डीजल 91.58 रुपए से बढ़कर 92.49 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया। कई रिपोर्ट्स के अनुसार, यह बढ़ोतरी देश भर के कई शहरों में एक समान रूप से लागू की गई है।

### घर के बाहर सो रहे परिवार को डंपर ने रौंदा, 4 की मौत

बाराबंकी। यूपी के बाराबंकी जिले से एक दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां फतेहपुर थाना क्षेत्र के झांसा गांव में एक तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक बिजली नहीं होने की वजह से परिवार के लोग घर के बाहर सो रहे थे। इसी दौरान रोड पर जा रहे एक अनियंत्रित डंपर ने सो रहे परिवार के सदस्यों को कुचल दिया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। फिलहाल आरोपी डंपर चालक फरार बताया जा रहा है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि मामला शुक्रवार की रात का है। यहां बिजली न होने के कारण परिवार के सदस्य घर के बाहर सड़क किनारे सो रहे थे। इसा दौरान तेज रफ्तार डंपर बेकाबू हो गया। रात करीब दो बजे डंपर ने पहले सड़क किनारे एक पेड़ में टक्कर मारी और फिर घर के बाहर सो रहे परिवार के लोगों को कुचल दिया। पुलिस ने बताया कि चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। उन्होंने आनन-फानन में घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने बताया कि डॉक्टरों ने नीरज (35) और उसके बच्चों- अनुराग (13), अंशू (6) और अंशिका (10) को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसकी पत्नी आरती (35) की हालत नाजुक है। फिलहाल महिला को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ रेफर किया गया है।

### चीन की कोयला खदान में जोरदार विस्फोट, 82 मजदूरों की मौत, कई फंसे

बीजिंग। इस वक्त की बड़ी खबर चीन से सामने आ रही है। यहां देश के उत्तरी प्रांत शानशी की एक कोयला खदान में विस्फोट हो गया है। बताया जा रहा है कि विस्फोट की वजह से कम से कम 82 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई मजदूर अब भी खदान में फंसे हुए हैं। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घटनास्थल पर तेजी से राहत और बचाव कार्य करने के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि घटना के समय खदान में 247 मजदूर फंसे हुए थे। फिलहाल अभी भी मजदूरों को बाहर निकालने का काम किया जा रहा है। घटना की जांच के आदेश भी दे दिये गए हैं।

चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' के अनुसार, चांगझी शहर की लियुशेन्यू कोयला खदान में यह हादसा शुक्रवार शाम को हुआ। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय करीब 247 मजदूर इस खदान में काम कर रहे थे। शिन्हुआ ने शुरू में बताया था कि हादसे के समय लगभग 247 मजदूर खदान के नीचे फंसे हुए थे। शनिवार सुबह समाचार एजेंसी द्वारा आठ लोगों की मौत और 38 लोगों के खदान के नीचे फंसे होने की सूचना देने के बाद मृतकों की संख्या में वृद्धि हुई। समाचार एजेंसी की खबर अनुसार, चीन के राष्ट्रपति शी चिनपिंग ने लापता मजदूरों के बचाव के लिए पूरी ताकत से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही हादसे के कारणों की जांच कर दोषियों को जवाबदेह ठहराने को भी कहा है। दरअसल, शानशी प्रांत को चीन का मुख्य कोयला उत्पादक प्रांत माना जाता है। यूनान से भी बड़े इस प्रांत की आबादी करीब तीन करोड़ 40 लाख है। पिछले साल 1.3 अरब टन कोयले का उत्खनन किया गया, जो चीन के कुल उत्पादन का लगभग एक तिहाई है।

# झारखंड की 6 बेटियों का भारतीय महिला अंडर-18 हॉकी टीम में चयन, जापान में होने वाले एशिया कप में दिखेगा झारखंड का दम




रांची। झारखंड की बेटियों ने एक बार फिर भारतीय हॉकी में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है. हॉकी इंडिया द्वारा जापान के काकामिगाहारा में 29 मई से 6 जून तक आयोजित होने वाले महिला अंडर -18 एशिया कप के लिए घोषित 18 सदस्यीय भारतीय टीम में झारखंड की 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ है. एक साथ इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के चयन से राज्य में खुशी और गर्व का माहौल है.

चयनित सभी खिलाड़ी झारखंड सरकार द्वारा संचालित खेल प्रशिक्षण केंद्रों से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं. इनमें सिमडेगा, खूंटी और रांची जिले की प्रतिभाशाली बेटियां शामिल हैं, जिन्होंने लगातार मेहनत और बेहतर प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई है. ये खिलाड़ी पिछले एक महीने से भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रही थीं.

भारतीय टीम में झारखंड से जिन खिलाड़ियों का चयन हुआ है उनमें मिडफील्डर पुष्पा मांझी, फॉरवर्ड संदीपा कुमारी, मिडफील्डर श्रुति कुमारी, डिफेंडर सुगन सांगा, डिफेंडर नीलम टोपनो और गोलकीपर खिल्ली कुमारी शामिल हैं. इन खिलाड़ियों ने पिछले दो वर्षों से लगातार राष्ट्रीय सब-जूनियर हॉकी प्रतियोगिता में हॉकी झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है.

हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि झारखंड की मजबूत हॉकी परंपरा और प्रशिक्षण व्यवस्था का परिणाम है. उन्होंने कहा कि राज्य के ग्रामीण इलाकों से निकलकर बेटियां अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, जो पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात है. वहीं हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने भी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा झारखंड के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं. यह चयन बताता है कि राज्य में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है. हमें विश्वास है कि हमारी बेटियां जापान में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेंगी.

खेल विभाग के अधिकारियों ने भी खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खुशी जताई है. विभाग का कहना है कि सरकार ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है. इसका सकारात्मक परिणाम अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखने को मिल रहा है.

भारतीय महिला अंडर -18 टीम ने एशिया कप से पहले भोपाल में एक महीने का विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाया, जहां खिलाड़ियों ने फिटनेस, रणनीति और टीम संयोजन पर विशेष अभ्यास किया. टीम को पूर्व भारतीय कप्तान और स्टार खिलाड़ी रानी रामपाल का मार्गदर्शन भी मिला. टूर्नामेंट की तैयारी के तहत भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की सीरीज भी खेली.

इस प्रतियोगिता में भारत को पूल-ए में रखा गया है. भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 30 मई को मलेशिया के खिलाफ खेलेगी. इसके बाद 31 मई को कोरिया और 2 जून को सिंगापुर से मुकाबला होगा. पूल की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी, जबकि फाइनल मुकाबला 6 जून को खेला जाएगा.

## टी20 वर्ल्ड कप : भारतीय महिला टीम मुंबई से इंग्लैंड रवाना



नई दिल्ली। वूमेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 आगाज अगले महीने से होने जा रहा है। ऐसे में टीम इंडिया ने अपने बड़े अभियान की शुरुआत कर दी है। कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम मुंबई से इंग्लैंड रवाना हो गई है, जहां पहले टीम इंग्लैंड के खिलाफ टी20आई सीरीज खेलेगी और उसके बाद ICC वूमेन्स टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेगी। भारतीय टीम को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां खिलाड़ी वर्ल्ड कप मिशन के लिए उत्साहित नजर आए। इस साल महिला टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड की मेजबानी में 12 जून से शुरू होगा।

BCCI ने 2 मई को टीम का ऐलान किया था। वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 28 मई से 2 जून तक तीन T20I मुकाबले खेलेगी। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए मेगा टूर्नामेंट की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है। इसके बाद सभी टीमें 6 जून से शुरू होने वाले वॉर्म-अप मैचों में हिस्सा लेंगी। भारत को वर्ल्ड कप में बेहद कठिन ग्रुप मिला है।

## सनराइजर्स हैदराबाद की 9वीं जीत दर्ज के साथ बने रिकॉर्ड्स



नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 67वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 55 रन से हराते हुए अपनी 9वीं जीत दर्ज की। हैदराबाद में खेले गए मैच में मेजबान टीम ने पहले खेलते हुए 255/4 का स्कोर बनाया। सनराइजर्स हैदराबाद से ईशान किशन (79), हेनरिक क्लासेन (51) और अभिषेक शर्मा (56) ने अर्धशतक लगाए। जवाब में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम 200/4 का स्कोर ही बना सकी। मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद से ट्रेविस हेड (26) जल्दी आउट हुए। इसके बाद अभिषेक, किशन और क्लासेन ने अर्धशतक लगाए। अंतिम ओवरों में नितीश रेड्डी ने 12 गेंदों में नाबाद 29 रन बनाते हुए टीम का स्कोर 250 के पार पहुंचाया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से रासिख सलाम डार ने 2 विकेट लिए। जवाब में वेंकटेश अय्यर (44) की अच्छी शुरुआत के बाद कप्तान रजत पाटीदार (56) और क्रुणाल पांड्या (41) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।

अभिषेक ने मैच में 22 गेंदों का सामना किया और 56 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 4 चौके और 5 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 254.55 की रही। इस खिलाड़ी ने पहले विकेट के लिए ट्रेविस हेड के साथ सिर्फ 24 गेंदों में 45 रन जोड़ दिए। इसके बाद ईशान किशन के साथ मिलकर उन्होंने 26 गेंदों में 52 रन की साझेदारी निभाई। अभिषेक ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आईपीएल में अपना पहला ही पचासा लगाया।

सनराइजर्स हैदराबाद ने जब 45 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट खोया, तब किशन क्रीज पर आए। अपनी शुरुआती 14 गेंदों में उन्होंने सिर्फ 16 रन बनाए थे। क्रीज में टिकने के बाद उन्होंने आक्रामक अंदाज अपनाया और 31 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने क्लासेन के साथ मिलकर 48 गेंदों में 113 रन की साझेदारी की। वह 46 गेंदों में 8 चौकों और 3 छक्के की मदद से 79 रन की पारी खेली।

किशन ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ लगातार चौथा अर्धशतक लगाया। इस टीम के खिलाफ उनके पिछले 3 स्कोर क्रमशः 80, 94 और 69 रन है।

क्लासेन ने 24 गेंदों का सामना किया और 51 रन बनाए। उनके बल्ले से 2 चौके और 5 छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 212.50 की रही। इस खिलाड़ी ने ईशान किशन के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए सिर्फ 48 गेंदों में 113 रन जोड़ दिए। क्लासेन जब पवेलियन लौटे तब सनराइजर्स हैदराबाद का स्कोर 16.2 ओवर में 210/3 का था। इस संस्करण ये खिलाड़ी कमाल के फॉर्म में है और उन्होंने 600 रन भी पूरे किए।

## विराट कोहली और ट्रेविस हेड के बीच तीखी बहस, खड़ा हुआ विवाद



नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 67वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 55 रन से हराते हुए अपनी 9वीं जीत दर्ज की। इस मुकाबले में विराट कोहली और ट्रेविस हेड के बीच तीखी बहस हुई। यह घटना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 256 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान घटी। कहासुनी के बाद कोहली ने मैच खत्म होने पर हेड से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया, जिससे खेल भावना पर सवाल उठने लगे हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पारी के दौरान कोहली और हेड के बीच मैदान पर कहासुनी बढ़ गई। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज की टिप्पणी के बाद कोहली ने उनसे कहा, ठीक है, यहां आओ और कुछ गेंदें फेंको। जब कोहली 11 गेंदों में 15 रन रन बनाकर आउट हो गए, तो हेड ने पलटवार करते हुए कहा, दोस्त, तुम तो मेरे गेंदबाजी करने आने से पहले ही आउट हो गए। इसके बाद पूर्व भारतीय कप्तान का गुस्सा और भी ज्यादा भड़क उठा। मैच के अंत में जब दोनों टीमों के खिलाड़ी पारंपरिक रूप से हाथ मिलाने के लिए एक साथ आए, तो कोहली ने हेड के द्वारा बढ़ाए हुए हाथ को अनदेखा कर दिया। इस हावभाव ने क्रिकेट जगत में एक बहस छेड़ दी है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान का कहना है कि मैदान पर मैदान के दौरान आक्रामकता दिखाना खेल का हिस्सा है, लेकिन मैच के बाद हाथ मिलाने से इनकार करना कोहली का उचित फैसला नहीं था। मैदान पर हुए रोमांचक मुकाबले के बावजूद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 55 रनों से हार का सामना करना पड़ा क्योंकि वह विशाल लक्ष्य का पीछा करने में असफल रही। हालांकि, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अंक तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार है और दूसरे स्थान पर काबिज गुजरात टाइटंस के साथ क्वालीफायर-1 में मुकाबला तय कर लिया।

## आरसीबी को फाइनल में पहुंचने के लिए मिलेंगे दो चांस




नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 67 वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 55 रनों से हरा दिया. हैदराबाद ने 4 विकेट के नुकसान पर 255 रन बनाए, जवाब आरसीबी 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 200 रन ही बना सकी.

आरसीबी इस मैच को हार के भी अपना पहला स्थान बचाने में सफल रही, जिसकी वजह से अब उनको फाइनल में पहुंचने के लिए दो-दो चांस मिलेंगे. क्योंकि टॉप की दो टीमों के बीच पहला क्वालीफायर मैच खेला जाएगा और जीतने वाली टीम सीधा फाइनल में पहुंच जाएगी.

लेकिन हारने वाली टीम को एक और चांस मिलेगा, जब वो एलिमिनेटर की विजेता टीम से क्वालीफायर-2 में भिड़ेगी. एलिमिनेटर तीसरे और चौथे नंबर की टीम के बीच खेला जाएगा. इसमें हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी जबकि जीतने वाली टीम क्वालीफायर-1 की हारने वाली टीम से क्वालीफायर-2 में भिड़ेगी.

आईपीएल 2026 का पहला क्वालीफायर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस के बीच खेला जाएगा. क्योंकि अंक तालिका में आरसीबी, गुजरात और हैदराबाद के 18-18 पॉइंट्स हैं. लेकिन नेट रन रेट में आरसीबी (+0.783) सबसे आगे है, इसलिए वो पहले स्थान पर है उसके बाद गुजरात (+0.695) का रन रेट हैदराबाद (+0.524) से बेहतर है. इसलिए वो दूसरे स्थान पर है. पहला क्वालीफायर 26 मई को धर्मशाला में खेला जाएगा. अभी तक टूर्नामेंट के एलिमिनेटर मैच का फिक्सचर सामने नहीं आ सका है, क्योंकि प्लेऑफ की चौथी टीम अभी तक कंफर्म नहीं हो सकी है. इस स्थान के लिए अभी तक चार टीमें-पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और केकेआर-लड़ाई में बनी हुई है.

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**पीएम मोदी ने 51,000 युवाओं को बांटे सरकारी नौकरी....**

सस्टेनेबल मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़े सेक्टर भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इनसे जुड़ी पार्टनरशिप एक नई अर्थव्यवस्था के नए अवसरों के दरवाजे खोल रही हैं। स्वीडन, नॉर्वे और इटली जैसे देशों के साथ ग्रीन ट्रांजिशन और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी में भी सहयोग बढ़ रहा है। ये भारत को क्लिन मैन्यूफैक्चरिंज से जुड़ी फ्यूचर इंडस्ट्रीज में मजबूत करेगा। यूएई और नॉर्वे के साथ पार्टनरशिप से भारत का शिप बिल्डिंग इकोसिस्टम मजबूत होगा। यानी, भारत के इंजीनियर्स, टेक्निशियन्स और स्किल्ड वर्कर्स के लिए इतनी मांग बढ़ने वाली है जिसकी आप कल्पना नहीं कर सकते हैं।

**एनआईए का खुलासा: एक ही एम-4 कार्बाइन से हुए थे पहलगाम...**

जट्ट उर्फ सुलेमान ने पहलगाम हमले को भी अंजाम दिया था। उसे और उसके दो साथियों-हबीब ताहिर उर्फ छोटू और हमजा अफगानी को 28 जुलाई, 2025 को उस समय मार गिराया गया, जब सुरक्षा एजेंसियों ने 'ऑपरेशन महादेव' को अंजाम दिया।

**दोनों हमलों में पाकिस्तान की सीधी भूमिका**

इस ऑपरेशन के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों से दो एके-47 राइफलें और एक एम-4 कार्बाइन बरामद कीं। एनआईए की जांच में डिजिटल फॉरेंसिक सबूतों, सीसीटीवी फुटेज, बैलिस्टिक रिपोर्टों, आईपी ट्रैकिंग और सोशल मीडिया रिकॉर्ड के आधार पर इन दोनों हमलों में पाकिस्तान की सीधी भूमिका को स्पष्ट रूप से उजागर किया गया। एनआईए की जांच में एक ऐसा पैटर्न भी सामने आया, जो 2023 से ही जम्मू-कश्मीर में देखने को मिल रहा था। यह %द रजिस्टेंस फ्रंट% का वही मॉड्यूल था, जिसने घाटी में अन्य हमलों को भी अंजाम दिया था।

'ऑपरेशन महादेव' के दौरान मारे गए तीनों पाकिस्तानी आतंकवादी 2023 से ही घाटी में सक्रिय थे। वे हमला करते थे और फिर दोबारा हमला करने के निर्देश मिलने तक घने जंगलों में छिप जाते थे। 21 दिसंबर 2023 को पुंछ जिले में सेना के एक काफिले पर हुए हमले के लिए भी यही मॉड्यूल जिम्मेदार था। इस हमले में पांच सैनिक मारे गए थे। 4 मई 2024 को पुंछ के शाहसितार-सनाई इलाके में वायुसेना के एक काफिले पर हमला किया गया, जिसमें एक जवान की जान चली गई। 9 जून 2024 को रियासी जिले में शिव खोड़ी से लौट रहे तीर्थयात्रियों से भरी एक बस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की। इन सभी हमलों की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के 'द रजिस्टेंस फ्रंट' ने ली थी।

**सभी हमलों का तरीका एक जैसा**

एक अधिकारी ने बताया कि इन सभी हमलों का तरीका एक जैसा ही है। ये तीनों आतंकवादी घुसपैठ करके घाटी में छिपे हुए थे और लगातार भागते-फिरते रहे। वे नियमित अंतराल पर हमले करते थे और सुरक्षा बलों से छिपने के लिए घने जंगलों का सहारा लेते थे। चूंकि वे घाटी के माहौल से पूरी तरह घुल-मिल गए थे, इसलिए वे गगनगीर और पहलगाम जैसे इलाकों में हमले करने के आदी हो चुके थे। 'ऑपरेशन महादेव' के दौरान बरामद किए गए मोबाइल डाटा से इन सभी हमलों के पीछे का तरीका और उनके आपस में जुड़े होने का खुलासा हुआ। 'द रजिस्टेंस फ्रंट' के इन आतंकवादियों को लश्कर-ए-तैयबा का एक गुर्गा, साजिद जट्ट उर्फ अली भाई, एन्क्रिप्टेड (गुप्त) संचार माध्यमों के जरिए निर्देश दे रहा था।

जट्ट 'लंगड़ा' के उपनाम से भी जाना जाता है और उसका नाम सबसे ज्यादा वांछित आतंकवादियों की सूची में शामिल था। उसे जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को फिर से सक्रिय करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। खुफिया ब्यूरो (आईबी) के एक अधिकारी ने बताया कि 'द रजिस्टेंस फ्रंट' के लिए ऑपरेशन का ताना-बाना बुनने में उसकी मुख्य भूमिका थी और उसने घाटी में कई सफल ऑपरेशन को अंजाम देने में भी कामयाबी हासिल की थी।

**पेट्रोल-डीजल की कीमतों में फिर लगी आग,**

पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों पर विपक्ष ने एक बार फिर सरकार पर निशाना साधा है. कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'महंगाई मैन मोदी ने पेट्रोल-डीजल पर 9 दिन में 5 रुपए बढ़ा दिए. आज फिर पेट्रोल 94 पैसे और डीजल 95 पैसे महंगा कर दिया गया. मोदी को बस तेल कंपनियों के फायदे की चिंता है. एक तरफ जहां दुनियाभर की सरकारें अपनी जनता को राहत दे रही हैं, मोदी सरकार जनता को ही लूटने में लगी है. कभी तो जनता के भले के बारे में सोच लो, कब तक पूंजीपतियों का फायदा कराते रहोगे?'

कांग्रेस सांसद नासिर हुसैन ने कहा, मोदी सरकार की इकोनॉमिक स्टेबिलिटी, एनर्जी सिक्योरिटी और स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी सुनिश्चित करने में नाकामी का असर अब भारतीय इकोनॉमी के हर हिस्से पर पड़ रहा है. इन नाकामियों का बोझ आखिरकार महंगाई और बढ़ती रहने की लागत के ज़रिए आम नागरिकों पर डाला जा रहा है.

**त्विषा शर्मा डेथ केस पर देश की सबसे बड़ी अदालत...**

आरोप लगाया कि उनके पति और ससुराल वालों ने, जिनमें उनकी सास भी शामिल हैं, जांच को गुमराह करने और मामले को प्रभावित करते की कोशिश की। उनके पति, समर्थ सिंह एक वकील हैं और उनकी सास गिरिबाला सिंह, एक रिटायर्ड जज हैं।

कानून व्यवस्था में अपने ससुराल वालों के रसूख का हवाला देते हुए, त्विषा शर्मा के पिता, भाई और रिश्तेदारों ने उनके द्वारा न्याय व्यवस्था को कथित तौर पर अपने हिसाब से चलाने को लेकर चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट, त्विषा शर्मा की मौत के मामले में प्रक्रियागत विसंगतियों और संस्थागत पक्षपात के आरोपों की जांच करेगा। उनकी मां एक गहरे सदमें में हैं, उन्हें यह नहीं समझ आ रहा कि अपनी बेटी के बिना वे आगे की जिंदगी कैसे जिएंगी। उनके पिता ने तो खाना-पीनी भी छोड़ दिया है। वे पूरी तरह से बेटी के गम में डूबे हुए हैं। अब उन्हें बस एक ही चीज आगे बढ़ने की हिम्मत दे रही है, त्विषा शर्मा के लिए इंसाफ की लड़ाई।

**सीबीआई के हाथ त्विषा शर्मा की मौत की जांच**

त्विषा शर्मा के पिता ने बताया कि उनकी बेटी की मौत की जांच अब सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन को सौंप दी गई है। इस पूरी प्रक्रिया में हम हर दिन थोड़ा-थोड़ा मर रहे हैं, लेकिन उसकी आत्मा ही मुझे आगे बढ़ने की हिम्मत दे रही है। उन्होंने कहा कि हम जांच अधिकारियों से यह नहीं कह रहे कि वे हमारी बात पर आंख मूंदकर भरोसा कर लें। हम उनसे बस इतनी गुजारिश कर रहे हैं कि वे सबूतों की ईमानदारी से जांच करें और पूरी पारदर्शिता के साथ जांच को आगे बढ़ाएं।

**सीबीएसई पोर्टल का अजीब कारनामा:**

प्रभावित हुआ है। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि तकनीकी दिक्कतें जरूर आई हैं, लेकिन किसी छात्र को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

**धुंधली और अधूरी उत्तरपुस्तिकाओं की भी शिकायत**

कई छात्रों और अभिभावकों ने यह भी आरोप लगाया कि पोर्टल पर अपलोड की गई उत्तरपुस्तिकाएं धुंधली, फीकी और पढ़ने में मुश्किल थीं। कुछ लोगों ने दावा किया कि नंबर और टेक्स्ट तक साफ नहीं दिख रहे थे, जिससे मूल्यांकन की जांच करना कठिन हो गया। एक अभिभावक ने आरोप लगाया कि उनके बच्चे की सप्लीमेंट्री मैथ्स की पूरी उत्तरपुस्तिका ही पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई।

मामले ने अब राजनीतिक रूप भी ले लिया है। तमिझाची थंगापांडियन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। पत्र में छात्रों को भुगतान विफल होने, वेबसाइट न खुलने और बैंक खाते से पैसे कटने जैसी समस्याओं का जिक्र किया गया है। अभिभावकों का कहना है कि यह समय पहले से ही छात्रों के लिए बेहद तनावपूर्ण है, क्योंकि कई छात्र एक साथ जी-नीट और सीयूईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में री-चेकिंग प्रक्रिया में अनिश्चितता ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है।

**राजौरी में सुरक्षा बलों और**

(2026) में भारतीय सेना के व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने किश्तवाड़ इलाके से आतंकवाद के नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने का एलान किया था। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सात आतंकवादियों की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा था, 326 दिनों के कड़े अभियान के बाद किश्तवाड़ में सक्रिय आतंकी नेटवर्क को पूरी तरह नेस्तनाबूत कर दिया गया है। सेना द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, किश्तवाड़ में मारे गए आतंकवादियों में जैश-ए-मोहम्मद का कुख्यात कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल था। सैफुल्लाह ही किश्तवाड़ में चलाए जा रहे पूरे आतंकी नेटवर्क और गतिविधियों का मुख्य मास्टरमाइंड था। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने साफ किया था कि किश्तवाड़ को आतंक मुक्त बनाने के इस बड़े और लंबे ऑपरेशन में भारतीय सेना के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ और सेना की इंटेलिजेंस विंग ने मिलकर एक संयुक्त और बेहद सफल भूमिका निभाई थी। फिलहाल, राजौरी के जंगलों में ऑपरेशन अभी भी जारी है।

# खिलाड़ियों को मिली नई जिम्मेदारी, खेलों को बढ़ावा देने डॉ. रमन का जताया आभार

राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में गुरुवार को संपन्न हुए पदभार ग्रह समारोह में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में सभी खेल प्रेमियों एवं शहरवासियों को खेलों के प्रति एक नई संभावनाएं दिखाई दी है। 2018 में डॉ. रमन ने जब इस नए स्टेडियम का निर्माण करवाया था तब उनकी सोच का एक सुखद अनुभव शहरवासियों को तब हुआ जब स्टेडियम में लगी लिफ्ट का सुचारू रूप से संचालन गुरुवार को किया गया। समिति के अध्यक्ष जिलाधीश एवं सचिव रमेश पटेल के मार्गदर्शन में कंपनी के इंजीनियरों की मदद से लिफ्ट को सुचारू रूप से चलाने की प्रक्रिया को पूरा किया है।

पदभार ग्रहण करते ही सचिव रमेश पटेल एवं सहसचिव योगेश बागड़ी ने डॉ. रमन सिंह से निवेदन किया कि हमारे इस मैदान को बड़े आयोजन हेतु तैयार करने की सख्त आवश्यकता है, तब उन्होंने पूरी जानकारी प्राप्त कर तत्काल इसे ठीक कराने 15 लाख रुपए की, वहीं स्टेडियम के कुछ अन्य कार्यों हेतु लगभग 14 लाख रुपए अर्थात कुल 29 लाख रुपए तत्काल प्रदान करने की घोषणा की है। हमें उम्मीद है मैदान को ख्याति अनुरूप बनते ही एक साल के अंदर ही कुछ बड़े आयोजन कर पाएंगे।

समारोह में बड़ी संख्या में खेल संगठनों से जुड़े पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के डायरेक्टर एवं शहर में खेल आयोजनों में हमेशा प्रमुख भूमिका निभाने वाले



बलदेव सिंह भाटिया, स्टेडियम समिति में वर्षों सचिव के रूप में भूमिका निभाने वाले कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, अशोक चौधरी, छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के विजय शाह, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी एवं अन्य पदाधिकारी, जिला ओलंपिक संघ के रणविजय प्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, अंतरराष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, शतरंज एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित भंसाली, टेबल टेनिस एसोसिएशन के सुरेंद्र सिंह बग्गा, वर्तमान में देशभर में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करने वाले शहर के क्रिकेट खिलाड़ी विकल्प तिवारी, स्टेडियम में जारी ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षक दीपेश मिश्रा, अंतरराष्ट्रीय पूर्व शतरंज खिलाड़ी श्रेणिक डाकलिया, मृगांक साहू सहित टेबल टेनिस कोच हरिदास चौधरी से भी डॉ. रमन से मिलकर स्टेडियम में खेलों के माहौल को और अच्छा बनाये रखने चर्चा की। डॉ. रमन सिंह ने विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण शिविर में स्वयं जाकर खिलाड़ियों से बात कर अपने स्वयं के खिलाड़ी होने की भावना का परिचय दिया। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण दे रहे प्रशिक्षकों को समारोह में पुरस्कृत भी किया।

जब डॉ. रमन सिंह ने यह घोषणा की कि बहुत ही जल्द शहर में लगभग साढ़े सात एकड़ की भूमि में 25 करोड़ की लागत से प्रदेश भर में पहली अत्याधुनिक क्रिकेट अकादमी बीसीसीआई के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा बनने जा रही है, उपस्थित समस्त खेलप्रेमियों, नागरिकों ने करतल ध्वनि से घोषणा पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित विभिन्न खेलों के पदाधिकारी, सदस्यों, खेलप्रेमियों एवं नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि लंबे समय के पश्चात खेल से जुड़े सचिव रमेश पटेल एवं सहसचिव योगेश बागड़ी के मनोनयन का परिणाम आज के इस समारोह एवं वातावरण में दिखाई जो दे रहा है, यह बहुत ही उत्साहवर्धक है।

समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी खूबचंद पारख, महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, राजगामी संपदा की अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, समाजसेवी राजेंद्र गोलछा, शेडो विधायक भरत वर्मा, पूर्व विधायक राजेश खांडेकर, पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद बोहरा, विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश मंत्री नंदूराम साहू, रूपचंद भीमनानी सहित बड़ी संख्या में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य एवं बजरंग दल-विश्व हिंदू परिषद के सदस्य इस समारोह में सचिव रमेश पटेल एवं सहसचिव योगेश बागड़ी के पदभार हेतु उनका अभिनंदन करने उपस्थित थे। स्टेडियम समिति द्वारा आयोजित इस समारोह में उपस्थित अतिथियों का समिति के अध्यक्ष जिलाधीश जितेंद्र यादव एवं प्रभारी अधिकारी प्रेमप्रकाश शर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर सभी का स्वागत किया।

# पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास एवं वरिष्ठ कांग्रेसी शैलेंद्र तिवारी ने फीता काटकर किया शुभारंभ



छुईखदान (दावा)। नगर के बस स्टैंड स्थित कासिम कृषि केंद्र का भव्य शुभारंभ शनिवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत छुईखदान के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास एवं वरिष्ठ कांग्रेसी शैलेंद्र तिवारी द्वारा फीता काटकर किया गया।

शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में किसान व्यापारी गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान कृषि केंद्र को आकर्षक ढंग से सजाया गया था अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं आत्मीय अभिनंदन के साथ किया गया इस अवसर पर कृषि केंद्र के संचालक शोहेब खान ने उपस्थित अतिथियों एवं किसानो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र मे किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज खाद कीटनाशक एवं अन्य कृषि सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएगी उन्होने कहा कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हर आवश्यक कृषि सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रयास रहेगा शुभारंभ समारोह में शोहेब खान के मित्रगण आसपास के दुकानदार सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या मे मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने कासिम कृषि केंद्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संचालक को शुभकामनाएं दी।

# खरीफ 2026 के लिए सहकारी क्षेत्र में उर्वरक वितरण के नए दिशा-निर्देश जारी

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन द्वारा आगामी खरीफ वर्ष 2026 के लिए सहकारी क्षेत्र में उर्वरक वितरण संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। वैज्ञानिकों द्वारा सतत कृषि विकास के लिए एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन की अनुशंसा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत रासायनिक उर्वरकों के साथ जैव उर्वरक, जैविक खाद, हरी खाद एवं नीलहरित काई जैसे वैकल्पिक उपायों के उपयोग को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

**○ रासायनिक उर्वरकों के साथ जैव उर्वरक, जैविक खाद, हरी खाद एवं नीलहरित काई जैसे वैकल्पिक उपायों को बढ़ावा**
**○ संतुलित उर्वरक उपयोग को प्रोत्साहित करना**

शासन द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि, खाड़ी क्षेत्र में चल रहे तनाव की स्थिति को देखते हुए राज्य के सभी कृषकों को समानुपातिक मात्रा में तथा समय पर उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है। इसका उद्देश्य संतुलित उर्वरक उपयोग को प्रोत्साहित करना, खेती की लागत में कमी लाना, भूमि की उर्वरा शक्ति को संरक्षित करना, उर्वरकों के गैर-कृषि उपयोग पर रोक लगाना तथा गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। साथ ही उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अनुरूप कृषि में उर्वरकों के उपयोग को सुनिश्चित किया जाएगा। जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार खरीफ 2025 में कृषकों को वितरित यूरिया की 80 प्रतिशत मात्रा तथा डीएपी की 60 प्रतिशत मात्रा ही खरीफ 2026 में वितरित की जाएगी। यूरिया की शेष 20 प्रतिशत मात्रा पारंपरिक यूरिया की उपलब्धता होने पर दी जाएगी, अन्यथा नैनो यूरिया के रूप में प्रदाय की जाएगी। इसी प्रकार डीएपी की शेष 40 प्रतिशत मात्रा अन्य वैकल्पिक एनपीके उर्वरकों अथवा नैनो डीएपी के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। हालांकि किसी भी परिस्थिति में कृषकों को नैनो उर्वरक लेने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा तथा यह पूरी तरह वैकल्पिक रहेगा। निर्देशों के अनुसार प्रदेश के सीमांत कृषकों, जिनकी भूमि धारिता 2.5 एकड़ तक है, को निर्धारित मात्रा में उर्वरक एकमुश्त उपलब्ध कराया जाएगा।

# 'अंगना म शिक्षा' समर कैंप: ग्राम पंडरिया में बच्चों को सिखाए सेहत के गुर, ओआरएस घोल पिलाकर दी डिहाइड्रेशन से बचने की सीख

छुईखदान (दावा)। केसीजी शासन के निर्देशानुसार बच्चों के सर्वांगीण विकास और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम के तहत ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंडरिया संकुल-सडी विकासखंड-छुईखदान जिला केसीजी में शिवांगी पशीने के मार्गदर्शन में समर कैंप का सुचारू रूप से संचालन किया जा रहा है, जहाँ बच्चे खेल-खेल में शिक्षा और जीवन उपयोगी कौशल सीख रहे हैं।

### निरीक्षण करने पहुँचीं शिवांगी पसीने

कैंप की गतिविधियों का जायजा लेने और बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए शिवांगी पसीने प्रधान पाठिका डीआरजी केसीजी द्वारा ग्राम पंडरिया के समर कैंप का विशेष विजिट (निरीक्षण) किया गया। उन्होंने कैंप में चल रही गतिविधियों को देखा



और बच्चों की सक्रियता की सराहना की। इस दौरान उन्होंने बच्चों और उपस्थित माताओं से संवाद कर उन्हें शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

### भीषण गर्मी में सेहत की सुरक्षा हेतु ओआरएस घोल का महत्व बताया

इस समर कैंप की सबसे खास बात यह रही कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया गया। निरीक्षण के दौरान शिवांगी पसीने ने बच्चों को ओआरएस घोल के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि गर्मियों में शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) होने का खतरा बढ़ जाता है। ओआरएस का घोल शरीर में पानी और जरूरी लवणों की कमी को तुरंत पूरा करता है। उल्टी, दस्त या अत्यधिक पसीना आने पर यह एक जीवन रक्षक दवा की तरह काम करता है। बच्चों को पिलाया गया ओआरएस का घोल सिर्फ जानकारी ही नहीं, बल्कि कैंप में उपस्थित सभी बच्चों को ओआरएस का घोल बनाकर पिलाया भी गया, ताकि बच्चे इसके स्वाद और उपयोगिता से वाकिफ हो सकें।

### पालकों और ग्रामीणों ने की सराहना

'अंगना म शिक्षा' के तहत आयोजित इस समर कैंप में शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता के इस अनूठे प्रयास की ग्रामीणों, पालकों, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गिरेंद्र सुधाकर सर, बीआरसी दुष्यंत शर्मा सर, सीएसी पी एल साहू सर ने जमकर सराहना की है। शिवांगी पसीने के इस जमीनी प्रयास और कुशल मार्गदर्शन से बच्चों में एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है।

# आचार्य दक्षता वर्ग का भव्य शुभारंभ, आचरण से शिक्षा देने वाला ही सच्चा आचार्य - श्री अरावकर

डोंगरगढ़ (दावा)। अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान की योजना के अनुसार, सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित प्रांतीय आचार्य दक्षता वर्ग (प्रशिक्षण शिविर) का भव्य शुभारंभ आज सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में हुआ।

इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री श्री श्रीराम अरावकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में श्री अरावकर ने शिक्षण और प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य अन्य सभी जीवों से बुद्धि विकास में श्रेष्ठ है। जहाँ अन्य प्राणी केवल अपना निर्धारित कार्य करते हैं। वहीं मनुष्य अपनी बुद्धि के बल पर अन्य जीवों के कल्याण के लिए भी कार्य करता है। इसी बुद्धि और कौशल को सही दिशा देने के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वास्तविक आचार्य वही है। जो केवल किताबी ज्ञान न दे, बल्कि अपने श्रेष्ठ आचरण के द्वारा बच्चों को संस्कारित शिक्षा प्रदान करे।



**विद्या भारती के अभा सहसंगठन मंत्री श्रीराम अरावकर का उद्बोधन, 29 मई तक चलने वाले शिविर में जुटे कई विभागों के शिक्षाविद्**

मुख्य वक्ता ने एक आदर्श शिक्षक के गुणों की चर्चा करते हुए कहा कि एक अच्छे आचार्य को अपने विषय का गहन ज्ञान होना चाहिए और उसमें विद्यार्थियों के सामने अपनी बात को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का पूर्ण आत्मविश्वास होना अनिवार्य है। विद्या भारती के मूल उद्देश्यों और लक्ष्यों को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य देश में एक ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण करना है जो पूरी तरह राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो। शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक दृष्टि से पूर्ण होने के साथ-साथ इस पीढ़ी के मन में समाज के अभावग्रस्त और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के प्रति सेवा का भाव होना चाहिए, ताकि वे उन्हें समरसता के साथ राष्ट्र की मुख्य धारा में ला सकें।

### सुबह 5 से रात 10 बजे तक कड़ा प्रशिक्षण, 29 मई तक चलेगा वर्ग

कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता और सरस्वती शिक्षा समिति डोंगरगढ़ के सचिव अविनाश ब्राम्हणकर ने भी आचार्यों को संबोधित किया। उन्होंने सभी संभागियों से इस प्रशिक्षण वर्ग में पूरी तन्मयता, लगन और अनुशासन के साथ नई विधाएं सीखने का आह्वान किया।

यह विशेष प्रशिक्षण वर्ग आगामी 29 मई तक निरंतर संचालित होगा। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 5 से लेकर रात्रि 10 बजे तक विभिन्न सत्रों में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा आचार्यों को विषयगत शिक्षण के साथ-साथ शारीरिक, बौद्धिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर गहन और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। समारोह की शुरुआत में प्रांत प्रमुख दीपक सोनी ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का आत्मीय परिचय कराया। कार्यक्रम का सफल संचालन इस वर्ग के शिक्षण प्रमुख एवं सरस्वती शिशु मंदिर राजिम के प्रधानाचार्य नामदास लहरे ने किया।

इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के संस्थापक सदस्य प्रभाकर गिरधर एवं प्राचार्य प्रकाश यादव भी मंचासीन रहे। प्रशिक्षक और समन्वयक वर्ग में मुख्य रूप से वीरसिंग यादव, सरोजनी कर्ष और श्रीमती कृष्णा वर्मा प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राजनांदगांव ने धर्मनिष्ठ स्व. निर्मल शर्मा को दी श्रद्धांजलि

राजनांदगांव (दावा)। श्री श्याम प्रभु की सेवा एवं गुरु मां के चरणों में समर्पित सेवाभाव व्यक्तित्व स्वर्गीय निर्मल शर्मा का देहांत पतित पावन मास पुरुषोत्तम मास अधिक मास में दिनांक 17 मई को हो गया, पांच तत्वों से बना शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए, वे श्री श्याम कुटी परिवार के प्रमुख थे।

निर्मल मन, निर्मल स्वभाव, निर्मल व्यक्तित्व के धनी एवं प्रेरणादाई उनका जीवन था, वे राजनांदगांव नगर की पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला संयोजक मयंक कृष्णा शर्मा के पूज्य पिताजी थे। स्वर्गीय निर्मल शर्मा की दिवंगत आत्मा को प्रभु अपने से चरणों में स्थान प्रदान करें एवं शर्मा परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें ऐसी प्रार्थना ईश्वर से की।

इस शोक सभा में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला एवं शहर के पदाधिकारी निकुंज सिंघल, सौरभ खंडेलवाल, सूरज गुप्ता, विनय साहू, अनूप तिवारी, राजकुमार चौरसिया, नारी शक्ति से मौसमी शर्मा, ममता शर्मा एवं अन्य पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सदस्य उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के शहर प्रमुख निकुंज सिंघल ने दी।

# सखी डांस ग्रुप की छत्तीसगढ़ी ठुमके में शानदार प्रस्तुति

कल्लूबंजारी (दावा)। संस्कारधानी राजनंदगांव की पावन धरती शिक्षा, संस्कार, कला साहित्य, संस्कृति सहित विभिन्न प्रतिभाओं से हमेशा समृद्ध रही है। ऐसे में राजनांदगाँव जिले के छुरिया ब्लाक के आदिवासी बाहुल्य वनांचल के ग्राम व ग्राम पंचायत बूचाटोला के नन्हे-नन्हे कलाकारों से सुसज्जित सखी डांस ग्रुप बूचाटोला(छुरिया) हाल ही में आईबीसी 24 में प्रसारित हो रही छत्तीसगढ़ के पहली डांस टीवी रियलिटी शो 'छत्तीसगढ़ी ठुमका' के टॉप- 20 में सिलेक्ट होकर अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह रहे हैं और टॉप- 16 में अपनी जगह बनाने में कामयाब हुए हैं।

छत्तीसगढ़ में प्रथम बार डांस रियलिटी शो का आयोजन होना यहां के उभरते कलाकारों के लिए एक सुनहरा अवसर है। यह सिर्फ एक मंच नहीं है बल्कि कलाकारों के सपनों को साकार करने, प्रतिभा को पहचान देने एवं हुनर को नई उड़ान देने की सुनहरा शुरुआत है। ग्राम बूचाटोला के सुविधाविहिन कच्चे व मिट्टी के मकानों में निवासरत गरीब आदिवासी परिवारों के नन्हे बच्चों में छुपी यह प्रतिभाएँ गांव के अल्हड़ गलियों में अभ्यास कर अब अपने अदभुत कला प्रतिभा के दम पर अपने स्वयं सहित अपने माता-पिता,गुरु एवं अपने गांव बूचाटोला को पूरी दुनिया में पहचान दिलाएगा। छत्तीसगढ़ की रंग, कला, संस्कृति अब नई मंच पर चमकने को तैयार हैं। इस प्रथम छत्तीसगढ़ी टीवी रियलिटी शो के स्टार जज है छालीवुड के सुप्रसिद्ध कलाकार मोना सेन जी तथा ज्यूरी मेंबर है सरोज घरडे जी एवं अनिल टांडी सर जी।जो अपनी पारखी नजरों से कला प्रतिभाओं का अवलोकन कर बच्चों के कला प्रतिभा को निखार कर तराशने का काम कर रहें है तथा बच्चों के कला प्रतिभा को अच्छी ऊंचाई तक पहुंचाने में प्रमुख भूमिका निभा रहें है।

सखी डांस ग्रुप बूचाटोला के नन्हे कलाकार इससे पहले छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के कोने-कोने में डांस प्रतियोगिता में कई सारे सम्मान प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के रूप में प्राप्त किए हैं। इनके अलावा मिनिस्ट्री आफ कल्चर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय लोकनृत्य कला प्रतियोगिता महाराष्ट्र के राज्य उपराजधानी नागपुर महाराष्ट्र में प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं। अभी हाल ही में संस्कारधानी राजनंदगांव मड़ई में आयोजित कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले, ब्लॉक व गांव का नाम रोशन किये है।

सखी डांस ग्रुप बूचाटोला के सभी नन्हें कलाकार गरीब आदिवासी परिवार से ताल्लुकात रखते हैं। उनके माता-पिता कृषि व मजदूरी का कार्य करते हैं। छत्तीसगढ़ी ठुमका में पहुंचने पर सभी के परिवार बहुत खुश है तथा गांव के जागरूक लोग बच्चों का हौसला बढ़ा रहे हैं। इन बच्चों के प्रतिभा को निखारने वाले कोरियोग्राफर ग्राम डोम्हाटोला के निवासी



**○ छत्तीसगढ़ के प्रथम टीवी रियलिटी शो के टॉप-20 में बनाया सम्मान जनक स्थान**
**○ कला-प्रतिभाओं की मशहूर बस्ती में शुमार हुआ वनांचल ग्राम बूचाटोला**

जीनू राम वर्मा है। जीनू राम वर्मा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के लोक संगीत विभाग से अपना पढ़ाई किया है।इन बच्चों को हमेशा सपोर्ट करने वाले गांव के युवक योगेश ताराम है। इन बच्चों के मेकअप करने से लेकर ड्रेस पहनाने का सारा काम शशि कंवर एवं तानी ताराम करते हैं तथा कलाकार बच्चों का समुचित देख-भाल करने की जिम्मेदारी का निर्वहन भी दोनों करते है। इन कलाकारों को आगे बढ़ने के लिए स्थानीय साहित्यकार शिक्षक दिनेश कुरेटी दिलेर हमेशा प्रेरित रहते है तथा उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए हमेशा प्रोत्साहन व मार्गदर्शन करते रहते हैं।

सखी डांस ग्रुप बूचाटोला के आठ सदस्यी नन्हे कलाकारों में कु. दिशा अनिल हारमें, कु. करुणा सचिव मंडावी, कु.खुशबू दिनेश उइके, कु. लाकेश्वरी नरेन्द्र कोमरे, कु. पूनम पास कुमार मंडावी, कु. मीनाक्षी नरेन्द्र कोमरे, कु. गायत्री रामलाल कंवर एवं कु. यशोदा स्व. दीनूराम उइके शामिल है।

इस रियलिटी शो में जाने के बाद इन बच्चों की कला और भी अच्छे से निखरेगी साथ ही इन्हें और भी अच्छे प्लेटफार्म प्राप्त होंगे आईबीसी- 24 और छत्तीसगढ़ी ठुमका के तमाम सदस्यों का बहुत-बहुत धन्यवाद है। जो कि इन बच्चों के कला प्रतिभा को जाने व समझे तथा इन्हें इतने बड़े मंच प्रदान किये है। गांव की अल्हड़ गलियों से निकल कर राजधानी रायपुर जैसे बड़े शहर के टीवी रियलिटी शो में भाग लेना व निरंतर बने रहना छुरिया जैसे दूरस्थ वनांचल के लिए बहुत गौरव एवं सम्मान की बात है।सखी डांस ग्रुप बूचाटोला की प्रस्तुति आईबीसी-24 के छत्तीसगढ़ी ठुमका टीवी रियलिटी शो में नियमित जारी है। जिसे प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को संध्या बेला में शाम आठ बजे से आईबीसी 24 के टीवी चैनल में देखी जा सकती है।

उल्लेखनीय है छुरिया विकासखंड के महाराष्ट्र सीमांचल में स्थित आदिवासी बाहुल्य वनांचल ग्राम बूचाटोला खेल, कला,प्रतिभा एवं नेताओं की बस्ती के नाम से मशहूर है।यहां के राजनीतिक नेता एवं सामाजिक नेता के रूप में ब्लाक, जिला व महासभा स्तर पर राजनीति एवं सामाजिक संगठन का नेतृत्व करते है। यह बस्ती प्रारंभ से लोक कलाकारों की बस्ती के नाम से शुमार है। पूर्व सरपंच स्वर्गीय सुरजू राम दर्रो सुप्रसिद्ध हारमोनियम मास्टर एवं स्वर्गीय दयाराम चन्द्रवंशी सुप्रसिद्ध डांसर के रूप में कला के क्षेत्र में अपना नाम रौशन कर अपना अमिट छाप छोड़ चुके है। पतिराम चन्द्रवंशी अपने जमाने के प्रसिद्ध डांसर एवं तबला वादक के रूप अलग एवं विशिष्ट पहचान बना चुका है। स्वर्गीय लक्ष्मण चन्द्रवंशी सुप्रसिद्ध जोकर के रूप में अपना अमिट छाप छोड़ चुके है। गैतराम पुराम सुप्रसिद्ध जोकर तथा संवलराम चन्द्रवंशी सुप्रसिद्ध डांसर के रूप में छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के कोने-कोने में अपने कला प्रतिभा को प्रदर्शित कर चुके है। वर्तमान में भागवतराम पुरामे एक सुप्रसिद्ध तबला वादक एवं ढोलक वादक के रूप में अपना पहचान बनाये हुए है। घनश्याम कोमरे एवं चन्द्रकांत पुरामे सुप्रसिद्ध जोकर के रूप में अलग-अलग छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी के माध्यम से अपने कला प्रतिभा को प्रदर्शित कर रहें है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी के रूप में मशहूर ख्यातिलब्ध शिक्षक, प्रखरवक्ता, कवि एवं उदघोषक दिनेश कुरेटी दिलेर छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के हजारों मंचों के माध्यम से अपने उत्कृष्ट वक्तव्य कला, गीत-कविता की शानदार प्रस्तुति एवं प्रभावशाली उद्घोषणा से अपने बहुमुखी कला प्रतिभा का परिचय विगत तीस वर्षों से दे रहें है। इसके अलावा बूचाटोला के खेल प्रतिभायें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग एवं विशिष्ट पहचान बनाने में कामयाब हुए है।

इस तरह आदिवासी बाहुल्य ग्राम बूचाटोला राजनांदगाँव जिला में एक उत्कृष्ट शिक्षा, साहित्य, कला, खेल, संगीत, प्रतिभा, राजनेताओं एवं सामाजिक नेताओं के बस्ती के नाम से मशहूर हो चुका है। इन कला प्रतिभाओं को अच्छी ऊंचाई प्रदान करने के लिए आदिवासी बाहुल्य वनांचल ग्राम बूचाटोला में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना करना अति आवश्यक है।जिसकी मांग अंचल वासियों के द्वारा वर्षों से की जा रही है। नन्हे कलाकारों के शानदार उपलब्धि पर बूचाटोला के सरपंच अलेन्द्र कुमार कंवर, उपसरपंच अनुप कुमार मंडावी, पूर्व जिला पंचायत सभापति ललिता कंवर एवं आदिवासी समाज प्रमुख दिलीप कोरेटी ने बधाई दी है।

# समता मंच द्वारा विगत 46 वर्ष साल से किया जा रहा मानव सेवा का कार्य

**गर्मी के दिनों में प्यासे कंठों को पानी व वृद्धाश्रम से लेकर लोगों चिकित्सा सेवा का मिल रहा लाभ**

**राजनांदगांव (दावा)।** संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव अपने सेवा कार्य व संस्कार के लिए दूर-दूर तक जाना जाता है। और खास कर तो अहिंसा परमो धर्म की नीति में चलने वाला जैन समाज मानव सेवा कार्य में सबसे आगे हैं। उक्त सेवा कार्य के लिए शहर में आज से 46 साल पहले समता मंच नामक सेवाभावी संस्था की 26 जनवरी 1980 को नींव रखी गई। उक्त सेवाभावी संस्था समता मंच नामक पौधा, आज वट वृक्ष बन गया है जिसकी शीतल छाया में मानव सहित जीव मात्र को सुकून पा रहा है।

### जैन मंदिर के पीछे शुरू हुआ समता मंच का सेवा कार्य

शहर के सदर बाजार स्थित जैन मंदिर के पीछे श्री लक्ष्मी मंदिर के समीप स्थित समता मंच का प्रारंभिक सेवा कार्य लोगों की चिकित्सा सेवा से हुई इसके बाद गर्मी के दिनों में जगह-जगह प्याऊ घर खोलकर प्यासे कंठों को पानी पिलाने का कार्य शुरू किया गया। इस पुण्य कार्यों में समता मंच के सेवा प्रकल्प के कार्य बढ़ते चले गए। समता मंच परिवार द्वारा समता चिकित्सालय खोली गई जहां बहुत ही कम पैसे में जरूरतमंद लोगों की चिकित्सा सेवा की जाती है। यही नहीं समता लैब द्वारा मरीजों के रक्त की जांच व अन्य जांच की सुविधा न्यूनतम शुल्क में उपलब्ध कराई गई है। इसी के साथ ही इसी स्थान के नीचे तल पर समता पुस्तकालय खोला गया है, जहां धार्मिक व नैतिक साहित्य से संबंधित पुस्तकों का विशाल भंडार है। वहीं रोजाना सुबह-शाम खुलने वाली वाचनालय में दैनिक, साप्ताहिक व मासिक के अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पत्रिका लोगों को पढ़ने मिलता है। इसी जी.ई. रोड में सत्यानंद योग आश्रम पार्रीनाला के समीप समता मंच द्वारा भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम का भी संचालन किया जा रहा है, जिसमें निराश्रित एवं उपेक्षित वृद्धजनों को निःशुल्क आवास, भोजन, जलपान व चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराया जाता है।



### समता चिकित्सालय में संचालित प्रकल्प

शहर की सेवाभावी संस्था समता मंच द्वारा उदयाचल रोड़ में हनुमान मंदिर के पास समता चिकित्सालय में रोगियों के लिए जहां सामान्य चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाती है, वहीं निःशुल्क व न्यूनतम शुल्क पर स्वास्थ्य परीक्षण व दवाइयां भी वितरण किया जाता है। जहां न्यूनतम राशि में डिजिटल एक्स-रे सुविधा, रक्त, मल, मूत्र जांच की पैथालॉजीकल एवं आटोएनलाइजर सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा लघु शल्य चिकित्सा, आक्सीजन, ग्लूकोज, नेबुलाइजर एवं प्रारंभिक चिकित्सा व छोटे-छोटे बच्चों का बाल रोगों से बचाव के लिए निःशुल्क टीकाकरण भी किया जाता है। इसके अलावा समता मंच के चिकित्सालय में ईसीजी मशीन की सुविधा, तथा रोजाना सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक टायफाइड, पोलियो, बीसीजी, मीसल्स, विटामिन ए, डीपीटी, टिटनेस, एम.एम.आर., रुबेला, हेपेटाइटिस बी, टीका उपलब्ध कराया जाता है। उक्त सेवा कार्यों में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष गौतम पारख, वर्तमान अध्यक्ष गौतम कांकरिया, सचिव उमेश गिड़िया एवं कोषाध्यक्ष सतीष सांखला का विशेष योगदान है।

### 'प्रतिभा प्रोत्साहन के कार्य

समता मंच द्वारा न केवल प्यासे कंठों को पानी पिलाने व बीमारों की चिकित्सा सेवा के अलावा वृद्धजनों की सेवा-सुश्रुआ किया जाता है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अध्ययन में सहायता प्रदान की जाती है। संस्कार क्रांति अभियान के तहत भावी पीढ़ी में बचपन से ही संस्कार की चेतना जगाने का कार्य, शाकाहार व व्यसनमुक्ति अभियान, बाढ़, भूकंप जैसी आपदा स्थिति में सहयोग पूर्ण भूमिका, शासकीय जनसेवा में सहयोग, इसके अलावा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, पशु-पक्षियों के लिए जल टंकी का वितरण आदि प्रमुख सेवा कार्य में शुमार हैं।

### समता जल मंदिर की सराहनीय सेवा

बता दें कि गर्मी के दिनों में समता मंच परिवार द्वारा प्यासे कंठों को पानी पिलाने शहर में दर्जन भर के करीब प्याऊ घर का संचालन किया जाता है। जिससे प्रमुख रुप से सार्वजनिक स्थानों के साथ आवाजाही के साथ जिला चिकित्सालय-बसंतपुर, जिला संयुक्त कार्यालय, जिला न्यायालय, नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 व प्लेटफार्म नंबर 2 में प्याऊ घर प्रमुख हैं, वहीं 7 समता जल मंदिर का संचालन स्थाई रूप से किया जा रहा है। साथ ही नंदई व जी ई रोड, सदर बाजार में ग्रीष्मकालीन प्याऊ खोले गए है।

# क्रॉस पहाड़ी पर भालुओं ने डाला डेरा, रिहायशी इलाकों में निवासरत लोग दहशत में



**डोंगरगढ़ (दावा)।** शहर के केदारबाड़ी सीमा पर स्थित क्रास पहाड़ी में भालुओं की हलचल से सीमावर्ती क्षेत्रों में निवासरत लोगों में दहशत व्याप्त हो गई। प्रत्यक्ष दर्शी बताते है कि,सीमा पर स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार चल रहा था। लोग चिता के पास खड़े थे, तभी पहाड़ी की तरफ से रोने, कराहने और सिसकने जैसी अजीब आवाजें गूंजने लगीं. आवाज इतनी तेज और भयावह थी कि वहां मौजूद लोगों के दिल दहल गए। कुछ देर तक किसी को समझ ही नहीं आया कि आखिर ये आवाज किसकी है और कहां से आ रही है। मुक्तिधाम में मौजूद लोगों को लगा कि शायद पहाड़ी पर कोई घायल है या कोई अनहोनी हो गई है। जैसे-जैसे आवाजें तेज होती गई, वहां मौजूद लोगों के बीच डर और बेचैनी बढ़ने लगी. कई लोग पहाड़ी की तरफ देखने लगे, लेकिन कोई ऊपर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था।

इसी दौरान केदारबाड़ी निवासी रवि पांडेय और आशीष सुमित साहू मौके पर पहुंचे. दोनों ने मोबाइल कैमरा ऑन कर आवाज़ की दिशा में रिकॉर्डिंग शुरू की. जैसे ही कैमरा क्रॉस पहाड़ी की झाड़ियों और चट्टानों की तरफ घूमा, पूरा रहस्य सामने आ गया। पहाड़ी पर कई स्लॉथ बीयर स्लॉथ बीयर घूमते दिखाई दिए, जो लगातार रोने और कराहने जैसी आवाजें निकाल रहे थे। वीडियो सामने आते ही इलाके में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते क्रॉस पहाड़ी के नीचे लोगों की भीड़ जमा हो गई। कई लोग पहली बार इतनी करीब से स्लॉथ बीयर को देखकर हैरान रह गए और मोबाइल से वीडियो बनाने लगे। देर शाम तक शहर में 'क्रॉस पहाड़ी की रहस्यमयी आवाज़' चर्चा का विषय बनी रही। वन्यजीव जानकारों के मुताबिक स्लॉथ बीयर ऐसी आवाज़ें आमतौर पर तब निकालते हैं, जब मां और बच्चे एक-दूसरे से बिछड़ जाते हैं या संपर्क बनाने की कोशिश कर रहे होते हैं. इस दौरान भालू बेहद बेचैन और आक्रामक भी हो सकते हैं।

### स्लॉथ बीयर भारत के सबसे खतरनाक जंगली जानवर

विशेषज्ञों के अनुसार स्लॉथ बीयर को भारत के सबसे खतरनाक जंगली जानवरों में गिना जाता है और अचानक सामने आने पर यह हमला भी कर सकता है। शहर से लगे इलाके, मुक्तिधाम और लोगों की भीड़ के बीच जंगली भालू खुलेआम घूमते रहे, लेकिन वन विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। ना लोगों को सतर्क किया गया और ना ही सुरक्षा को लेकर कोई व्यवस्था दिखाई दी।स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर भालू आबादी की तरफ उतर आते, तो बड़ी घटना हो सकती थी।

# महापौर ने स्वीकृत निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराने तथा चलित कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के दिये गए निर्देश



निर्माण कार्यों की समीक्षा की

**राजनांदगांव (दावा)।** महापौर मधुसूदन यादव आज अपने कक्ष में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा की उपस्थिति में तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यो की वार्डवार जानकारी ली। उन्होंने स्वीकृत कार्य तत्काल प्रारंभ कराने योजना के कार्य को प्राथमिकता देकर समय सीमा में चालू कराने एवं चालू कार्य में तेजी लाकर गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में महापौर श्री यादव ने उप अभियंताओं से शहर में चल रहे निर्माण कार्यो की वार्डवार जानकारी लेकर अप्रारंभ कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने तथा चल रहे निर्माण कार्य में तेजी लाकर कार्य समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सांसद, विधायक निधि एवं महापौर व पार्षद निधि के कार्य की जानकारी लेकर स्वीकृत कार्य तत्काल प्रारंभ कराने कहा। उन्होंने अधोसंरचना मद एवं अधोसंरचना पर्यावरण मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यो को शीघ्र प्रारंभ कराने कहा, जिस कार्य का कार्यादेश जारी नहीं हुआ है, उसका कार्यादेश तत्काल जारी कर कार्य प्रारंभ करावे। सभी अभियंतागण अपने-अपने प्रभारित वार्ड के कार्यो की सतत् मानिटरिंग करें तथा कार्य की प्रगति, उपयोगिता प्रमाण पत्र बनाकर शासन को भेजे, उन्होंने डामरीकरण के कार्य की जानकारी लेकर शेष कार्य गुणवत्ता के साथ बारिश के पूर्व पूर्ण कराने कहा।

निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि, डामरीकरण कार्य के लिए संबंधित ठेकेदारो को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि, जिन ठेकेदारों के द्वारा काम चालू नही किया जा रहा है या जिन्होंने चलित काम बंद कर दिया है, उन्हें नोटिस जारी करें। जहॉ पर स्थल विवाद है उसके लिए संबंधित पार्षद से सम्पर्क कर निराकरण करावे। जिन कार्यो की विभागीय प्रक्रिया लंबित है उसे जल्द पूर्ण कर काम चालू करावे। सभी कार्यो की सत्त मानिटरिंग कर प्रगति से अवगत करावे। महापौर श्री यादव ने नालंदा परिसर के कार्य की भी जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाने कहा, जिससे समय सीमा में कार्य पूर्ण हो और विद्यार्थियों को इसका लाभ मिले। आंगनबाडी निर्माण व मारम्मत कार्य जून माह तक पूर्ण करावे, नये आंगनबाडी के लिए स्टीमेंट में जमीन का दस्तावेज लगाना है, ताकि स्वीकृति में परेशानी न हो। उन्होंने सामुदायिक भवन तथा नाला निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि, नाला निर्माण कार्य में तेजी लावे, जो कार्य बंद है उसको चालू करावे। नाला नाली निर्माण के कार्य बारिश के पूर्व पूर्ण करावे, जिससे बारिश में जल भरान की स्थिति से छुटकारा मिल सके। साथ ही सीमेंटीकरण के कार्य ग्रीष्म ऋतु के पश्चात कराने के निर्देश दिए।

महापौर ने धार्मिक न्यास के कार्य शहर के मंदिरों का जीर्णोद्धार के संबंध में कहा कि जिन मंदिरों की स्वीकृति शासन से प्राप्त हो चुकी है उनकी जल्द प्रक्रिया कर काम चालू करावे तथा कुछ मंदिरों का प्रस्ताव शासन को भेजना है, उसके लिए फाईल तैयार करें। उन्होंने कहा कि, शासन को विभिन्न मदो में भेजने वाले प्रस्ताव अतिशीघ्र तैयार कर भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने आडिटोरियम मरम्मत, ट्रांसपोर्ट नगर जीर्णोद्धार, स्वागत द्वार निर्माण की प्रगति की जानकारी लेकर गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पेयजल के संबंध में महापौर ने कहा कि, पाईप लाईन, इंटर कनेक्शन के स्वीकृत कार्य जल्द चालू करें, चालू कार्य में तेजी लाकर जल्द पूर्ण करावे। जिससे संबंधित क्षेत्र में पानी की समस्या दूर की जा सके। पेजलय के संबंध में प्राप्त शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करें। बैठक में कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे, कार्यपालन अभियंता (संविदा) यू.के. रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा व सुश्री सुषमा साहू सहित उप.अभियंतागण व संबंधित लिपिक उपस्थित थे।

# राजनांदगांव बनेगा शतरंज का हब - डॉ. रमन



**राजनांदगांव (दावा)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिग्विजय स्टेडियम के नन्हें शतरंज खिलाड़ियों से भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष नन्हें शतरंज खिलाड़ियों से मिलकर एवं उनकी प्रतिभा से प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले में खेल प्रतिभाओं को कमी नहीं है और अब शतरंज को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव को राज्य के शतरंज हब के रूप में विकसित किया जाएगा। शहर को शतरंज के क्षेत्र में राज्य का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि शतरंज खिलाड़ियों को केवल एक बार नहीं, बल्कि साल भर निरंतर प्रशिक्षण और स्पर्धाओं का लाभ मिलेगा। उभरती प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के लिए सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। दिग्विजय स्टेडियम अब केवल एक खेल मैदान नहीं, बल्कि भविष्य के चौंपियन बनाने की नर्सरी बन रहा है। एक तरफ जहां 29 लाख रूपए की लागत से स्टेडियम में आधारभूत ढांचा सुदृढ़ किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर शतरंज जैसे बौद्धिक खेल को बढ़ावा देकर सरकार ने शहर को नई दिशा देने का संकल्प लिया है।

### विधानसभा अध्यक्ष ने नन्हें शतरंज खिलाड़ियों से की मुलाकात

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने शतरंज प्रशिक्षण ले रहे बच्चों से सौजन्य भेंट की और उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 2 में अध्ययनरत सात वर्षीय नन्हीं खिलाड़ी माहिका डाकलिया से मुलाकात की। विधानसभा अध्यक्ष ने स्नेहपूर्वक माहिका से उनकी खेल यात्रा के बारे में पूछा। माहिका ने आत्मविश्वास के साथ उन्हें बताया कि उड़ीसा के खुर्दा रोड में आयोजित राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में गत वर्ष अंडर-7 आयु वर्ग में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नन्हीं माहिका का यह हौसला देखकर उनकी सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सागौन तस्करी पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, दो कर्मचारी निलंबित



**मोहला (दावा)।** मोहला वनमंडल के देववाड़ी सर्कल अंतर्गत टाटेकसा बीट में सागौन पेड़ों की अवैध कटाई का बड़ा मामला सामने आया है। महाराष्ट्र सीमा से लगे जंगल क्षेत्र में दर्जनों पेड़ों की कटाई की पुष्टि होने के बाद वन विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार चौकी रेंज के देववाड़ी सर्कल स्थित टाटेकसा बीट में बड़े पैमाने पर सागौन पेड़ों की अवैध कटाई की सूचना वन विभाग को मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में करीब 45 नग सागौन तथा 15 नग अन्य प्रजाति के पेड़ों की कटाई पाए जाने की पुष्टि हुई। मौके से लगभग साढ़े 10 घन मीटर लकड़ी भी जब्त की गई है।

जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि संबंधित कर्मचारियों को मामले की पूर्व जानकारी थी, बावजूद इसके समय रहते आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई। विभागीय लापरवाही मानते हुए तत्कालीन डिप्टी रेंजर सहित दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है।

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार कटे गए कई सागौन पेड़ काफी पुराने और कीमती थे। एक पेड़ की अनुमानित बाजार कीमत करीब एक लाख रुपए तक आंकी गई है। पूरे मामले में लगभग 13 लाख रुपए की रिकवरी तैयार की गई है। विभाग ने मामले में आगे की जांच और कार्रवाई जारी होने की बात कही है।

वनमंडलाधिकारी ने बताया कि जांच में लगभग 45 सागौन पेड़ों की कटाई सामने आई है। संबंधित कर्मचारियों की लापरवाही पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गई है तथा आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# घुमका नगर पंचायत चुनावः कांग्रेस ने बनाई जीत की मजबूत रणनीति, वार्डो में प्रभारियों की नियुक्ति

### जनता के बीच कांग्रेस की रीति-नीति पहुंचाने और हर वार्ड में जीत सुनिश्चित करने की रणनीति तेज



**घुमका(दावा)।** नगर पंचायत के प्रथम चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव ने कांग्रेस की रीति-नीति, जनहितकारी सोच एवं पार्टी की विचारधारा को वार्ड-वार प्रत्येक आमजन तक पहुंचाने तथा सभी वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार 15 वार्डो हेतु प्रभारियों की नियुक्ति की है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी अनीस खान ने बताया कि नियुक्त प्रभारी अपने-अपने वार्डों में चुनावी रणनीति तैयार करने, प्रचार अभियान को गति देने, कार्यकर्ताओं के समन्वय, जनसंपर्क एवं अन्य आवश्यक चुनावी कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करेंगे। कांग्रेस पार्टी नगर के विकास, मूलभूत सुविधाओं, आमजन की समस्याओं एवं जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच मजबूती के साथ पहुंच रही है। जारी बयान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि घुमका नगर पंचायत का यह प्रथम चुनाव नगर के भविष्य की दिशा तय करने वाला चुनाव है और कांग्रेस पार्टी इसे पूरी गंभीरता एवं मजबूती के साथ लड़ रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल चुनाव जीतने के उद्देश्य से नहीं बल्कि नगर के विकास, पारदर्शी व्यवस्था एवं जनहित की सोच को लेकर जनता के बीच जा रही है। विपिन यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नियुक्त प्रभारी संगठन की भावना के साथ सक्रिय भूमिका निभाते हुए कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने हेतु पूरी निष्ठा, समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे। वार्डवार नियुक्त प्रभारियों में वार्ड क्रमांक 1 में धीरज मेश्राम, वार्ड क्रमांक 2 से मतीन खान, दुर्गेश द्विवेदी, राजू सिंह राजपूत, वार्ड क्रमांक 3- शिशुपाल भारती, अमीन उके, वार्ड क्रमांक 4- मन्ना यादव व हनी ग्रेवाल, वार्ड क्रमांक 5- महेंद्र यादव व सुरेश सिन्हा, वार्ड क्रमांक 6- राजकुमार सिन्हा व पूरन नेताम, वार्ड क्रमांक 7 - चन्द्रेश वर्मा व अभिषेक साहू, वार्ड क्रमांक 8 - रज्जू जॉन व हेमंत वैष्णव, वार्ड क्रमांक 9 राजकुमारी सिन्हा व विष्णु लोधी, वार्ड क्रमांक 10 - रितेश जैन व ललित कोमरे, वार्ड क्रमांक 11 अंगेश्वर देशमुख व रमादेवी वर्मा, वार्ड क्रमांक 12 अशोक फडनविस व हेमू सोनी, वार्ड क्रमांक 13 में रवि साहू व विजय राज चौहान, वार्ड क्रमांक 14 - पंकज बाँधव व रतन यादव, वार्ड क्रमांक 15- जीतेंद्र सिंह भाटिया व चुम्मन साहू को चयनित किया गया है

# घुमका चुनाव प्रचार में भाजपा प्रभावी भूमिका में



भारी गर्मी में भी प्रत्याशी प्रचार हेतु वार्ड में घूम रहे

**डोंगरगढ़/घुमका (दावा)।** विधानसभा के घुमका में पहली बार नगर पंचायत के हो रहे चुनाव में भाजपा प्रभावी भूमिका में दिखाई दे रही है। वर्तमान में सरपंच एवं विधानसभा में कांग्रेस विधायक होने के बावजूद घुमका का पिछले 7 वर्षों तक विकास रुका रहा, अधोसंरचना के आवश्यक कार्य जैसे घर के सामने नाली, सीसी रोड, नल एवं निस्तारी हेतु पानी की सुविधा से यहां के मतदाता वंचित रहे है, जिसके कारण मतदाताओं में कांग्रेस के प्रति आक्रोश देखने को मिल रहा है।

घुमका के वरिष्ठ केशव वर्मा एवं लूणकरण वर्मा ने बताया कि 15 वर्षों के डॉ. रमन सिंह के शासनकाल में घुमका का समुचित विकास हुआ था, जितने भी कार्य हुए वे आज भी देखे जा सकते है। उसके पश्चात कांग्रेस के विधायक आने से यहां कोई काम नहीं हुआ है। घुमका चुनाव में भाजपा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी किरण वर्मा एवं 15 पार्षदों की विजय सुनिश्चित करने के लिए भाजपा नेताओं ने व्यूह रचना के अनुसार प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है, इस हेतु वरिष्ठ नेता एवं चुनाव संयोजक तथा महापौर मधुसूदन यादव, प्रभारी ललित चंद्राकर, जितेंद्र वर्मा एवं जितेंद्र साहू अपनी टीम के साथ कार्य योजना बनाने में लगे हुए हैं उन्होंने बताया कि नगर पंचायत के दर्जा मिलने के बाद हो रहे चुनाव में भाजपा शासनकाल में 8 करोड़ रुपए के विकास कार्य चल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि, जिस तरह से देश में मोदी जी ने भारत का गौरव अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर बढ़ाया है, और देश में अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, देश में किसान, महिलाएं और युवा भाजपा के प्रति आकर्षित होने लगे हैं। इसलिए घुमका नगर पंचायत में भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों का स्वाभाविक रुझान तेजी से बढ़ रहा है, लोग भाजपा पार्षद प्रत्याशी को पहली पसंद मान रहे हैं। भारी गर्मी में भी सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक भाजपा प्रत्याशी भारी संख्या में रैली के माध्यम से मतदाताओं से जनसंपर्क कर रहे हैं, और कमल फूल खिलाने का आह्वान कर रहे हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के नेतृत्व में जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, डीकेश साहू कोषाध्यक्ष भावेश बैद, सावन वर्मा, मंडल प्रभारी अमर लालवानी, मूलचंद भंसाली मंडल अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, मंडल महामंत्री जनक एवं ललित साहू भी चुनाव के इस अभियान में डटे हुए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com